# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

## दिसंबर भाग-2
## 2021



दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 23 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की संरचना से संबंधित है।
   2. UNSC के अस्थायी सदस्यों को दो-तिहाई बहुमत से चुना जाता है।
   3. UNSC के अस्थायी सदस्यों के दो वर्ष के कार्यकाल के चुनाव के लिये कोई नामांकन नहीं है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

2. आपराधिक मामलों में 'पारस्परिक कानूनी सहायता संधि' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह हस्ताक्षर करने वाले देशों के बीच आपराधिक मामलों में साक्ष्य और सूचनाओं के आदान-प्रदान की अनुमति देती है।
   2. आपराधिक कानून के मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता प्राप्त करने और प्रदान करने के लिये 'विदेश मंत्रालय' नोडल मंत्रालय के रूप में कार्य करता है।
   3. भारत ने हाल ही में पोलैंड के साथ एक 'पारस्परिक कानूनी सहायता संधि' की है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 1 और 3
   C. केवल 3
   D. 1, 2 और 3

3. निम्नलिखित में से कौन सा हाल ही में मानवता की यूनेस्को 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' (ICH) के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाला एशिया का पहला त्योहार बन गया है?

   A. दुर्गा पूजा
   B. छठ पूजा
   C. थाईपुसम महोत्सव
   D. हॉर्नबिल महोत्सव

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. अनुच्छेद 244 के तहत छठी अनुसूची में स्वायत्त ज़िला परिषदों (ADCs) के गठन का प्रावधान है।
   2. राज्यपाल को स्वायत्त ज़िलों को व्यवस्थित और पुनर्गठित करने का अधिकार है।
   3. ज़िला परिषदों को भू-राजस्व का आकलन और संग्रह करने तथा कुछ निर्दिष्ट कर लगाने का अधिकार है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1
   D. 1, 2 और 3

नोट :

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गोवा भौगोलिक रूप से पश्चिमी घाटों द्वारा दक्कन उच्च भूमि से अलग है।
2. 'कोटिगाओ वन्यजीव अभयारण्य' गोवा में स्थित है।
3. गोवा की आधिकारिक भाषा 'कोंकणी' आठवीं अनुसूची में शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

6. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | पशु खेल | संबंधित राज्य |
|---|---|---|
| 1. | एरुथाज्हुवुथल | केरल |
| 2. | कंबाला | कर्नाटक |
| 3. | बुलबुल फाइट | असम |

उपरोक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

7. निम्नलिखित में से कौन-से परिशुद्ध कृषि की विशेषता हैं?

1. उच्च कृषि उत्पादकता।
2. फसल उत्पादन में अधिक रासायनिक अनुप्रयोग।
3. जल संसाधनों का कुशल उपयोग।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

8. 'हरित रणनीतिक साझेदारी' हाल ही में चर्चा में रही है। यह निम्नलिखित में से किस देश के साथ भारत की द्विपक्षीय साझेदारी है?

A. डेनमार्क
B. एस्टोनिया
C. स्पेन
D. आइसलैंड

नोट :

9. प्राय: समाचारों में रहा चीन का 'शिनजियांग प्रांत' निम्नलिखित में से किन देशों से घिरा हुआ है?

1. तज़ाकिस्तान
2. रूस
3. किर्गिज़स्तान
4. कज़ाखस्तान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2, 3 और 4

10. हाल ही में खबरों में रहा 'विहंगम प्लेटफॉर्म' किससे संबंधित है?

A. शिक्षा के क्षेत्र में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देना।
B. रियाल टाइम डिज़िटल लेनदेन।
C. ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के उपयोग को बढ़ावा देना।
D. खनन गतिविधियों के हवाई वीडियो का रीयल-टाइम प्रसारण।

11. व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (PDP) विधेयक, 2019 किस समिति की सिफारिशों पर तैयार किया गया था?

A. किरीट पारिख समिति
B. बी.पी. जीवन रेड्डी समिति
C. बी.एन. श्रीकृष्ण समिति
D. विवेक देबरॉय समिति

12. एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. ओपन सोर्स APIs सार्वजनिक रूप से उपभोक्ताओं के साथ-साथ सॉफ्टवेयर डेवलपर्स के लिये भी उपलब्ध हैं।
2. प्रत्येक वेब सेवा एक API है।
3. API प्रोटोकॉल के प्रति अग्नोस्टिक होते हैं, जिसमें किसी भी प्रोटोकॉल या डिज़ाइन शैलियों का उपयोग कर सकते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत का प्रथम धातु युग है।
2. ज़्यादातर लाल और नारंगी रंग के पहिये और मिट्टी के बर्तनों का प्रचलन था।
3. इनामगाँव और एरण महत्त्वपूर्ण स्थल हैं।

उपर्युक्त कथन प्राचीन इतिहास के निम्नलिखित में से किस कालखंड से सबसे उपयुक्त रूप से संबंधित हैं?

A. ताम्रपाषाण काल
B. नवपाषाण काल
C. पुरापाषाण काल
D. महापाषाण काल

**नोट :**

14. निम्नलिखित में से कोन-सा कन्वेंशन/प्रोटोकॉल जैवविविधता पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (CBD) द्वारा कवर किये गए आनुवंशिक संसाधनों के उपयोग से प्राप्त लाभों के बंटवारे को अनिवार्य करने से संबंधित हैं?

A. नागोया प्रोटोकॉल

B. बेसल कन्वेंशन

C. क्योटो प्रोटोकोल

D. स्टॉकहोम कन्वेंशन

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और वियतनाम दोनों संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वर्ष 2021 में अस्थायी सदस्यों के रूप में एक साथ काम कर रहे हैं।
2. भारत और वियतनाम दोनों 'मेकांग-गंगा सहयोग' (MGC) पहल का हिस्सा हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

16. भारत के प्रधानमंत्री को हाल ही में "नगदग पेल जी खोरलो" पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह निम्नलिखित में से किस देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है?

A. दक्षिण कोरिया

B. भूटान

C. इंडोनेशिया

D. मंगोलिया

17. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की परमाणु मिसाइलें हैं?

1. अग्नि
2. ब्रह्मोस
3. रुद्रम- I
4. पृथ्वी

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. केवल 1, 3 और 4

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (INSTC) हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को कैस्पियन सागर से जोड़ता है।
2. सदस्य देशों के बीच परिवहन सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईरान, रूस और भारत द्वारा INSTC की स्थापना की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'ज़िला खनिज फाउंडेशन' एक वैधानिक निकाय है।
2. 'ज़िला खनिज फाउंडेशन' के तहत अर्जित धन का उपयोग प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पन्ना टाइगर रिज़र्व विंध्य पर्वत श्रृंखला में स्थित है।
2. पन्ना क्षेत्र हीरा खनन के लिये प्रसिद्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

21. इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बैंक का उद्देश्य शरीयत के सिद्धांतों के अनुसार आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।
2. बैंक की सदस्यता हेतु मूल शर्त यह है कि देश की कुल जनसंख्या का एक निश्चित अनुपात मुस्लिम होना चाहिये।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

22. ब्यास नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह रोहतांग दर्रे के पास से निकलती है।
2. यह पंजाब के हरिके में सतलुज नदी से मिलती है।
3. यह पूरी तरह से भारतीय क्षेत्र में स्थित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

नोट :

23. इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 1991 में फारस की खाड़ी युद्ध के बाद हुई थी।
2. इसका मुख्यालय सऊदी अरब के जेद्दाह में है।
3. भारत OIC का सदस्य नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नेशनल कमोडिटीज़ एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (NCDEX) भारत में मुख्य रूप से कृषि जिंसों का कारोबार करता है।
2. NCDEX की स्थापना करने वाले भारत के कुछ प्रमुख वित्तीय संस्थानों में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया और नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल भी शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. अक्सर सुर्खियों में रहने वाला 'कच्चातीवु द्वीप' कहाँ स्थित है?

A. खंभात की खाड़ी
B. अरब सागर
C. बंगाल की खाड़ी
D. पाक जलडमरूमध्य

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सहकारी समितियाँ राज्य सूची का विषय है।
2. 'बहु-राज्य सहकारी समितियों' को केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

27. 'अरविंद घोष' निम्नलिखित में से किसके साथ जुड़े थे?

A. अलीपुर बम कांड
B. मेरठ साजिश का मामला
C. काकोरी ट्रेन एक्शन
D. चौरी चौरा कांड

नोट :

28. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **सर्वोच्च ( नागरिक ) सम्मान** | **संबद्ध देश** |
|---|---|
| 1. अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद ऑर्डर | सऊदी अरब |
| 2. ऑर्डर ऑफ ज़ायद अवार्ड | बहरीन |
| 3. गाज़ी अमीर अमानुल्लाह खान स्टेट ऑर्डर | अफगानिस्तान |
| 4. ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू अवार्ड | डेनमार्क |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 4

C. केवल 1, 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

29. विदेशी वित्तपोषण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में विदेशी वित्तपोषण को विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA), 2010 के तहत विनियमित किया जाता है।
2. FCRA को वित्त मंत्रालय द्वारा लागू किया जाता है।
3. सरकार की अनुमति के बिना 25,000 रुपए से कम के विदेशी योगदान को स्वीकार करने की अनुमति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

30. इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) की स्थापना किस ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन में हुई थी?

A. जेद्दाह

B. रबात

C. अंकारा

D. आबू धाबी

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संगम सभाएँ/अकादमी मदुरै के पांड्य राजाओं के शाही संरक्षण में फली-फूली।
2. तोलकाप्पियम, संगम युग की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की जानकारी प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

32. चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. खाड़ी क्षेत्र इस पहल का एक हिस्सा है।
2. न्यू सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट और मैरीटाइम सिल्क रोड (MSR) BRI के घटक हैं।
3. ब्लू डॉट नेटवर्क और ग्लोबल गेटवे BRI को प्रतिसंतुलित करने हेतु यूरोपीय संघ (EU) की पहल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

33. बैलिस्टिक मिसाइलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक लंबी दूरी की मिसाइल है।
2. इस मिसाइल का उड़ान पथ प्रक्षेप्य होता है लेकिन यह पृथ्वी के वायुमंडल के भीतर होता है।
3. पृथ्वी, अग्नि और धनुष बैलिस्टिक मिसाइल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

34. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | तमिल साहित्य | लेखक |
|---|---|---|
| 1. | तिरुक्कुरल | तोलकाप्पियार |
| 2. | शिलप्पादिकारम् | इलांगोआदिगल |
| 3. | मणिमेखलै | सीतलैसत्तनार |

उपरोक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

35. प्रलय मिसाइल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह भारत की पहली पारंपरिक अर्द्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है।
2. यह एक ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटर द्वारा संचालित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

36. 'ओलिव रिडले कछुओं' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागरों के गर्म पानी में पाए जाते हैं।
2. अरीबाडा को 'ओलिव रिडले कछुओं' की दुनिया की सबसे बड़ी प्रजनन कॉलोनी के रूप में जाना जाता है।
3. भारत द्वारा ओलिव रिडले कछुओं की रक्षा के लिये 'ऑपरेशन ओलिविया' शुरू किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

37. विश्वनाथन समिति (2019) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. ज़बरन धर्म परिवर्तन
B. पुलिस सुधार
C. प्रवासी कामगार
D. द्वेषपूर्ण भाषण

38. ESG (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) फंड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ESG (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) फंड एक तरह का म्यूचुअल फंड है।
2. इस फंड को भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

39. बीते दिनों खबरों में रहा 'हादिया वाद' (2017) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने का अधिकार
B. एकांतता का अधिकार
C. आजीविका का अधिकार
D. 'इंटरनेट एक्सेस' करने का अधिकार

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनिश्चितकाल के लिये स्थगन का अर्थ है राष्ट्रपति द्वारा दिये गए आदेश द्वारा सदन के एक सत्र की समाप्ति।
2. सत्र के सत्रावसान की अधिसूचना सदन के पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में सभी प्रमुख बंदरगाहों का नियंत्रण और प्रबंधन केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है।
2. छोटे बंदरगाह भारतीय संविधान की राज्य सूची के अंतर्गत शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

42. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारतीय समाज में पंडित मदन मोहन मालवीय का योगदान है/हैं?

1. उन्होंने विशेष रूप से गिरमिटिया मज़दूरी को समाप्त करने में प्रमुख भूमिका निभाई।
2. उन्होंने वर्ष 1905 में गंगा महासभा की स्थापना की।
3. उन्होंने ब्रिटिश-भारतीय अदालतों में देवनागरी को पेश करने में प्रमुख भूमिका निभाई।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एंटी-डंपिंग ड्यूटी (ADD) उन सामानों पर सीमा शुल्क है जिन्हें मूल या निर्यात करने वाले देश में सरकारी सब्सिडी प्राप्त हुई है।
2. विश्व व्यापार संगठन द्वारा उचित प्रतिस्पर्द्धा के साधन के रूप में डंपिंग-रोधी उपायों को अपनाने की अनुमति दी गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जननी सुरक्षा योजना (JSY) एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. लक्ष्य कार्यक्रम (LaQshya programme) का उद्देश्य लेबर रूम में देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करना है।
3. पोषण अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार लाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसान दिवस इनकी जयंती मनाने के लिये मनाया जाता है।
2. इन्हें 'चैंपियन ऑफ इंडियाज़ पीजेंट्स' भी कहा जाता है।
3. इन्होंने ऋण मोचन विधेयक 1939 के निर्माण और इसे अंतिम रूप देने में अग्रणी भूमिका निभाई।

उपर्युक्त कथन सर्वाधिक उपयुक्त रूप से निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व से संबंधित है?

A. चौधरी चरण सिंह
B. जय प्रकाश नारायण
C. दीन दयाल उपाध्याय
D. कांशीराम

46. राज्यों के पुनर्गठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 1948 में भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की आवश्यकता के मामले को देखने के लिये सरकार द्वारा एस. के धर समिति की नियुक्ति की गई थी।
2. आंध्र प्रदेश भारत सरकार द्वारा गठित पहला भाषायी राज्य था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

47. 'मिशन सागर' विभिन्न देशों को कोविड-19 संबंधित सहायता देने के लिये भारत की पहल थी। निम्नलिखित में से कौन से देश इस मिशन में शामिल हैं?

1. मेडागास्कर
2. सेशल्स
3. कोमोरोस
4. मॉरीशस

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 4
C. केवल 1, 2 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

48. भारत-लंका समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे राजीव-जयवर्धने समझौते के नाम से जाना जाता है।
2. श्रीलंकाई गृहयुद्ध को हल करने के लिये इस पर हस्ताक्षर किये गए थे।
3. समझौते के तहत श्रीलंका में भारतीय शांति सेना की तैनाती की गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुकूलन कोष विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और लचीली गतिविधियों को वित्तपोषित करता है।
2. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) अनुकूलन कोष के अंतरिम ट्रस्टी के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. वर्ष 2019-20 के लिये राज्य स्वास्थ्य सूचकांक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सूचकांक विश्व बैंक की तकनीकी सहायता से नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है।
2. संकेतकों को 'स्वास्थ्य परिणाम', 'शासन और सूचना' तथा 'प्रमुख इनपुट/प्रक्रिया' के डोमेन के तहत समूहीकृत किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. 'ऑकस' सौदे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका का रक्षा गठबंधन है।
2. यह भारत-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक तनाव का सामना करने के लिये स्थापित किया गया है।
3. इसके तहत ऑस्ट्रेलिया को परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियाँ मिलेंगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

52. 'अपतानी टेक्सटाइल प्रोडक्ट' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अरुणाचल प्रदेश की अपतानी जनजाति से संबंधित है।
2. अपतानी जनजाति के पारंपरिक हथकरघा को चिचिन कहा जाता है।
3. यह कपड़ा इसके ज्यामितीय और ज़िगज़ैग पैटर्न तथा कोणीय डिज़ाइनों के लिये भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

नोट :

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भौगोलिक संकेतक (जीआई) का उपयोग केवल कृषि वस्तुओं के लिये किया जाता है।
2. जीआई बौद्धिक संपदा अधिकारों (ट्रिप्स) के व्यापार-संबंधित पहलुओं पर डब्ल्यूटीओ के समझौते द्वारा शासित है।
3. भौगोलिक संकेत का पंजीकरण 20 वर्षों की अवधि के लिये वैध होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल्स में ऐसे इंजन लगे होते हैं जो फ्लेक्सिबल फ्यूल, यहाँ तक कि 100% इथेनॉल पर भी चल सकते हैं।
2. फ्लेक्स फ्यूल स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पूरी तरह से बिजली से चल सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

55. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | रोज़गार | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|
| 1. | ब्लू-कॉलर | शारीरिक श्रम |
| 2. | गोल्ड-कॉलर | अत्यधिक कुशल श्रमिक |
| 3. | रेड-कॉलर | सरकारी कर्मचारी |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

56. अधिमानी व्यापार समझौतों (PTA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. PTA में भागीदार कुछ उत्पादों के प्रवेश पर टैरिफ को एक निश्चित सीमा तक कम कर सकते हैं लेकिन पूरी तरह से शून्य नहीं कर सकते हैं।
2. भारत ने अफगानिस्तान के साथ PTA पर हस्ताक्षर किये हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

57. मिन्स्क II शांति प्रक्रिया (2015) निम्नलिखित में से किन देशों के बीच विवाद से संबंधित है?

A. रूस-क्रीमिया
B. बेलारूस-पोलैंड
C. रूस-बेलारूस
D. रूस-यूक्रेन

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इंडियन नेशनल आर्मी का गठन सबसे पहले मोहन सिंह और जापानी मेजर इवाइची फुजिवारा के नेतृत्व में हुआ था।
2. इसमें सिंगापुर युद्ध के भारतीय कैदी, भारतीय नागरिक और कुछ जापानी सैनिक शामिल थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. निष्क्रिय टीके रोगाणु के कमज़ोर (या क्षीण) रूप का उपयोग करते हैं जो एक बीमारी का कारण बनता है।
2. इनका उपयोग हेपेटाइटिस ए, फ्लू, पोलियो और रेबीज़ जैसी बीमारियों से बचाव के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. इसे 13वीं शताब्दी में राजा नरसिंहदेव प्रथम ने बनवाया था।
2. यह यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है।
3. इसे ब्लैक पैगोडा भी कहा जाता है।

उपरोक्त कथन सर्वाधिक उपयुक्त रूप से भारत में निम्नलिखित में से किस मंदिर से संबंधित हैं?

A. कोणार्क सूर्य मंदिर
B. जगन्नाथ मंदिर
C. तारा तारिणी मंदिर
D. लिंगराज मंदिर

61.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पैंगोलिन एकमात्र स्तनपायी है जिसकी त्वचा को ढकने के लिये बड़े केराटिन स्केल्स होते हैं।
2. भारतीय पैंगोलिन मुख्य रूप से भारत में शुष्क क्षेत्र, उच्च हिमालय और पूर्वोत्तर क्षेत्र में पाया जाता है।
3. भारतीय पैंगोलिन को IUCN रेड लिस्ट में संकटग्रस्त प्रजातियों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

62. निम्नलिखित में से कौन-सा/से क्वांटम प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग है/हैं?

1. सुरक्षित संचार
2. आपदा प्रबंधन
3. फार्मास्युटिकल

उपर्युक्त कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक दक्षिण अमेरिकी देश है जो पूर्व में एंडीज़ और पश्चिम में प्रशांत महासागर के बीच भूमि की एक संकीर्ण पट्टी के आकार में विस्तृत है।
2. अटाकामा मरुस्थल इसके उत्तरी भाग को स्पर्श करता है।
3. विश्व का सबसे बड़ा ताम्र नगर इसी देश में स्थित है।

उपरोक्त कथनों में निम्नलिखित में से किस देश का वर्णन किया गया है?

A. बोलीविया
B. पेरू
C. चिली
D. अर्जेंटीना

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'नवोन्मेष उपलब्धियों पर संस्थानों की अटल रैंकिंग' (ARIIA) में संस्थानों को केवल तकनीकी श्रेणी के तहत रैंक प्रदान की जाती है
2. ARIIA शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) की एक संयुक्त पहल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

65. 'श्वेत क्रांति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी अवधारणा 'एम.एस. स्वामीनाथन' द्वारा प्रस्तुत की गई थी।
2. इसके तहत 'ऑपरेशन फ्लड' शुरू किया, जिसने दूध उत्पादन बढ़ाने हेतु दूध सहकारी समितियों पर ध्यान केंद्रित किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

## व्याख्या भाग-2

1. उत्तर: D

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र चार्टर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित संयुक्त राष्ट्र के छह मुख्य अंगों की स्थापना की। संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 23 यूएनएससी की संरचना से संबंधित है। अत: कथन 1 सही है।
    - UNSC को सुरक्षा परिषद को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी दी गई है,।
- UNSC 15 सदस्यों से बना है- 5 स्थायी और 10 अस्थायी।
    - दस गैर-स्थायी सदस्य संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दो साल के लिये चुने जाते हैं।
    - जैसा कि प्रक्रिया के नियमों के नियम 144 में निर्धारित है, एक सेवानिवृत्त सदस्य तत्काल पुन: चुनाव के लिये पात्र नहीं है।
    - प्रक्रिया के नियमों के नियम 92 के अनुसार, चुनाव गुप्त मतदान द्वारा होता है और कोई नामांकन नहीं होता है। प्रक्रिया के नियमों के नियम 83 के तहत, सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्यों को दो-तिहाई बहुमत से चुना जाता है। अत: कथन 2 और कथन 3 सही हैं।

2. उत्तर: B

व्याख्या

- आपराधिक मामलों में 'पारस्परिक कानूनी सहायता संधि' अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सहायता प्रदान करने के लिये देशों के बीच की गई द्विपक्षीय संधियाँ हैं। अत: कथन 1 सही है।
    - ये समझौते हस्ताक्षर करने वाले देशों के बीच आपराधिक और संबंधित मामलों में साक्ष्य एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान की अनुमति देते हैं।
- गृह मंत्रालय आपराधिक कानून के मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता प्राप्त करने और प्रदान करने के लिये नोडल मंत्रालय तथा केंद्रीय प्राधिकरण है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - वहीं जब मंत्रालयों द्वारा राजनयिक चैनलों के माध्यम से ऐसे अनुरोध भेजे जाते हैं, तो विदेश मंत्रालय को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जा सकता है।
- भारत ने 42 देशों (नवंबर 2019) के साथ पारस्परिक कानूनी सहायता संधि/समझौते किये हैं।
    - हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत सरकार और पोलैंड के बीच 'आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता संधि' को मंज़ूरी दी है। अत: कथन 3 सही है।

3.उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में कोलकाता की दुर्गा पूजा को मानवता की 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' (ICH) की यूनेस्को की प्रतिनिधि सूची में अंकित किया गया है।
    - मानवता के यूनेस्को ICH के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाला यह एशिया का पहला त्योहार है।
- दुर्गा पूजा पाँच दिवसीय त्योहार है जो नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव की पाँचवीं रात से शुरू होता है और दसवें दिन दशमी को समाप्त होता है।
    - इस समय के दौरान, लोग सामूहिक रूप से देवी दुर्गा की पूजा करते हैं और उनका आह्वान करते हैं, जिन्हें ब्रह्मांड की ऊर्जा स्त्री माना जाता है, जिन्हें 'शक्ति' भी कहा जाता है। अत: विकल्प A सही है।

4.उत्तर: D

व्याख्या:

- अनुच्छेद 244 के तहत छठी अनुसूची, स्वायत्त प्रशासनिक प्रभागों- स्वायत्त ज़िला परिषद (ADCs) के गठन का प्रावधान करती है, जिनके पास राज्य के भीतर विधायी, न्यायिक और प्रशासनिक स्वायत्तता होती है। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- छठी अनुसूची में चार उत्तर-पूर्वी राज्यों असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन हेतु विशेष प्रावधान शामिल हैं।

- इन चार राज्यों में आदिवासी क्षेत्रों को स्वायत्त ज़िलों के रूप में गठित किया गया है। राज्यपाल को स्वायत्त ज़िलों को व्यवस्थित और पुनर्गठित करने का अधिकार है। अत: कथन 2 सही है।
    - संसद या राज्य विधायिका के अधिनियम स्वायत्त ज़िलों पर लागू नहीं होते हैं या निर्दिष्ट संशोधनों और अपवादों के साथ लागू होते हैं।
    - इस संबंध में निर्देशन की शक्ति या तो राष्ट्रपति या राज्यपाल के पास होती है।
- ज़िला और क्षेत्रीय परिषदें अपने अधिकार क्षेत्र के तहत क्षेत्रों का प्रशासन करती हैं।
    - भूमि, वन, नहर के जल, स्थानांतरित कृषि, ग्राम प्रशासन, संपत्ति का उत्तराधिकार, विवाह एवं तलाक, सामाजिक रीति-रिवाजों जैसे कुछ निर्दिष्ट मामलों पर कानून बना सकती हैं, लेकिन ऐसे सभी कानूनों के लिये राज्यपाल की सहमति आवश्यक है।
    - वे जनजातियों के मध्य मुकदमों एवं मामलों की सुनवाई के लिये ग्राम परिषदों या न्यायालयों का गठन कर सकती हैं। वे उनकी अपील सुनते हैं। इन मुकदमों और मामलों के संबंध में उच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र राज्यपाल द्वारा निर्दिष्ट किया जाता है।
    - ज़िला परिषद ज़िले में प्राथमिक स्कूलों, औषधालयों, बाज़ारों, मत्स्यपालन क्षेत्रों, सड़कों आदि की स्थापना, निर्माण या प्रबंधन कर सकती है।
    - ज़िला एवं क्षेत्रीय परिषदों के पास भू राजस्व का आकलन एवं संग्रहण करने एवं कुछ निर्दिष्ट कर लगाने का अधिकार है।अत: कथन 3 सही है।

5. उत्तर: D

व्याख्या

- गोवा, भारत के दक्षिण-पश्चिमी तट पर कोंकण के रूप में जाने जाने वाले क्षेत्र में स्थित है और भौगोलिक रूप से दक्कन उच्च भूमि से पश्चिमी घाट द्वारा अलग होता है। अत: कथन 1 सही है।
- आधिकारिक भाषा: कोंकणी
    - कोंकणी, आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में से एक है। अत: कथन 2 सही है।
    - इसे वर्ष 1992 के 71वें संशोधन अधिनियम द्वारा मणिपुरी और नेपाली भाषा के साथ आठवीं अनुसूची में जोड़ा गया था।
- यह उत्तर में महाराष्ट्र, पूर्व और दक्षिण में कर्नाटक से घिरा हुआ है तथा अरब सागर इसके पश्चिमी तट पर है।
- वन्यजीव अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान:
    - डॉ. सलीम अली पक्षी अभयारण्य
    - महादेई वन्यजीव अभयारण्य
    - नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य
    - कोटिगाओ वन्यजीव अभयारण्य
    - भगवान महावीर अभयारण्य अत: कथन 3 सही है।
    - मोलेम नेशनल पार्क

6. उत्तर: B

व्याख्या:

भारत में पशु खेल:

- जल्लीकट्टू: जल्लीकट्टू जिसे 'एरुथाज़ुवुथल' (Eruthazhuvuthal) के नाम से भी जाना जाता है तमिलनाडु का एक पारंपरिक खेल है, जो फसलों की कटाई के अवसर पर पोंगल के समय आयोजित किया जाता है। जिसमे बैलों से इंसानों की लड़ाई कराई जाती है। अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।

नोट :

- कंबाला:कंबाला कीचड़ और मिटटी से भरे धान के खेतों में एक पारंपरिक भैंस दौड़ है जिसका आयोजन आम तौर पर नवंबर से मार्च माह तक तटीय कर्नाटक (उडुपी और दक्षिण कन्नड़) में होता है। अत: युग्म 2 सुमेलित है।
- बुलबुल फाइट: यह असम राज्य में गुवाहाटी के पास हाजो में हयग्रीव माधव मंदिर में बिहू (फसल उत्सव) के दौरान आयोजित किया जाता है।
- अक्सर बुलबुलों को आक्रामक बनाने के लिये उन्हें नशीला पदार्थ खिला दिया जाता है। अत: युग्म 3 सुमेलित है।

7. उत्तर: C

व्याख्या

- परिशुद्ध कृषि (Precision Agriculture- PA) के अंतर्गत सेंसर, रिमोट सेंसिंग, डीप लर्निंग और अर्टीफिशियल इंटेलीजेंस तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IOT) में हुए विकास को व्यवहार में लाकर दक्षता एवं पर्यावरणीय निरंतरता का संवर्द्धित उपयोग कर मृदा, पौधों एवं पर्यावरण की निगरानी के माध्यम से कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर चर्चा करना है।
- लाभ:
  - कृषि उत्पादकता को बढ़ाती है।
  - मृदा के क्षरण को रोकती है।
  - फसल उत्पादन में रासायनिक अनुप्रयोग को कम करती है।
  - जल संसाधनों का कुशल उपयोग।
  - गुणवत्ता, मात्रा और उत्पादन की कम लागत के लिये आधुनिक कृषि पद्धतियों का प्रसार करती है।
  - किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में बदलाव लाती है। अत: विकल्प C सही है।

8. उत्तर: A

व्याख्या:

'हरित रणनीतिक साझेदारी'

- सितंबर 2020 में, भारत और डेनमार्क दोनों देश के प्रधानमंत्रियों की अध्यक्षता में दूरगामी लक्ष्यों वाली 'हरित रणनीतिक साझेदारी' (Green Strategic Partnership) के रूप में एक नए युग की शुरुआत की है।.
- भारत और डेनमार्क दोनों के पास जलवायु एजेंडे के भीतर महत्त्वपूर्ण लक्ष्य हैं तथा दोनों देश दिन-प्रतिदिन अधिक टिकाऊ प्रथाओं को शामिल कर रहे हैं।
- हरित रणनीतिक साझेदारी एक संपूर्ण ढाँचा प्रदान करती है क्योंकि यह इस बात पर ज़ोर देती है कि किस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय सहयोग ग्रीन ट्रांसमिशन (Green Transition) को तीव्र करने और वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर सकता है।
- यह साझेदारी आर्थिक संबंधों के विस्तार, हरित विकास और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के सहयोग पर केंद्रित है।
  - हरित विकास शब्द उस आर्थिक विकास को वर्णित करने के लिये प्रयोग किया जाता है जो प्राकृतिक संसाधनों का स्थायी तरीके से उपयोग करता है।
- साझेदारी के तहत अन्य प्रमुख बिंदुओं में कोविड -19 महामारी से निपटना, जल का दक्षतापूर्ण उपयोग और इसके दुरूपयोग को रोकने हेतु सहयोग शामिल है। अत: विकल्प A सही है।

9. उत्तर: D

व्याख्या

- शिंजियांग तकनीकी रूप से चीन भू-भाग में एक स्वायत्त क्षेत्र है - इसका सबसे बड़ा क्षेत्र, खनिजों में समृद्ध तथा भारत, पाकिस्तान, रूस और अफगानिस्तान सहित आठ देशों के साथ सीमा साझा करता है।
- यह पूर्व में चीनी प्रांतों- किंघई और गांसु, दक्षिण में तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र, अफगानिस्तान और दक्षिण-पश्चिम में कश्मीर के विवादित क्षेत्र, पश्चिम में किर्गिस्तान और तज़ाकिस्तान, उत्तर पश्चिम में कज़ाखस्तान, उत्तर में रूस से और उत्तर पूर्व में मंगोलिया से घिरा है। अत: विकल्प D सही है।

10. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (MCL) में रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम (RPAS) के साथ एकीकृत 'विहंगम (VIHANGAM)' नामक एक इंटरनेट-आधारित प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया गया है।
- इस प्रणाली में एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन (GCS), एक RPAS, 40 Mbps की इंटरनेट लीज़ लाइन और विहंगम पोर्टल शामिल हैं।
  - यह प्रणाली खनन गतिविधियों के हवाई वीडियो को खानों से इंटरनेट प्लेटफॉर्म तक वास्तविक समय में प्रसारित करने में सक्षम बनाती है, जिसे केवल आईडी और पासवर्ड रखने वाले अधिकृत कर्मियों द्वारा ही विहंगम पोर्टल के माध्यम से पहुँचा जा सकता है। अत: विकल्प D सही है।

11. उत्तर: C

व्याख्या:

- व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (PDP) विधेयक, 2019 व्यक्तिगत डेटा से संबद्ध व्यक्तियों की गोपनीयता को सुरक्षा प्रदान करने एवं उक्त उद्देश्यों और किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत डेटा से संबंधित मामलों के लिये भारतीय डेटा संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान करता है।
- इसे बी. एन. श्रीकृष्ण समिति (2018) की सिफारिशों पर तैयार किया गया। अत: विकल्प C सही है।

12. उत्तर: D

व्याख्या

- 'एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस' (एपीआई) एक इंटरफ़ेस है जिसका उपयोग प्रोग्राम सॉफ़्टवेयर के लिये किया जा सकता है जो मौजूदा एप्लिकेशन के साथ इंटरैक्ट करता है।
- ओपन सोर्स API जिसे पब्लिक API भी कहा जाता है, एक एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस है जिसे सॉफ्टवेयर डेवलपर्स के लिये सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया है।
  - ओपन एपीआई इंटरनेट पर मौजूद होते हैं और स्वतंत्र रूप से साझा किये जाते हैं, जिससे नेटवर्क-सुलभ सेवा के मालिक को उपभोक्ताओं को सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करने की अनुमति मिलती है। अत: कथन 1 सही है।
- API बनाम वेब सेवाएँ:
  - एपीआई और वेब सेवाएँ परस्पर अनन्य नहीं हैं। वास्तव में, एक दूसरे का सबसेट है प्रत्येक वेब सेवा एक API है क्योंकि यह किसी एप्लिकेशन के डेटा और/या कार्यक्षमता को उजागर करती है लेकिन प्रत्येक एपीआई एक वेब सेवा नहीं है। अत: कथन 2 सही है।
  - API प्रोटोकॉल के प्रति अग्नोस्टिक होते हैं। यद्यपि एपीआई किसी भी प्रोटोकॉल या डिज़ाइन शैलियों का उपयोग कर सकते हैं, वेब सेवाएँ आमतौर पर विशिष्ट प्रोटोकॉल का उपयोग करती हैं। अत: कथन 3 सही है। अत: विकल्प D सही है।

13. उत्तर: A

व्याख्या:

- ताम्रपाषाणिक संस्कृति के बारे में
  - नवपाषाण काल के अंत में धातुओं का उपयोग देखा गया। कई संस्कृतियाँ तांबे और पत्थर के औजारों के उपयोग पर आधारित थीं।
  - जैसा कि नाम से संकेत मिलता है, ताम्रपाषाण काल (चाल्को = ताम्र और लिथिक = पाषाण) के दौरान, धातु और पत्थर दोनों का उपयोग दैनिक जीवन में उपकरणों के निर्माण के लिये किया जाता था।
  - यह भारत में प्रथम धातु युग की शुरुआत थी इसलिये तांबे और इसकी मिश्र धातु कांसा जो कम तापमान पर पिघल जाती थी,
  - ताम्रपाषाण संस्कृति की विशेषता पहिया एवं मिट्टी के बर्तन थे जो ज़्यादातर लाल और नारंगी रंग के होते थे।
- मालवा संस्कृति एक ताम्रपाषाणकालीन पुरातात्विक संस्कृति थी जो मध्य भारत के मालवा क्षेत्र और दक्कन प्रायद्वीप में महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में मौजूद थी।
  - मालवा संस्कृति के स्थलों में दाइमाबाद, इनामगाँव, कायथा, नागदा, विदिशा, एरण, मंदसौर और नवदाटोली (महेश्वर के पास) शामिल हैं। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

14. उत्तर: A

व्याख्या:

- नागोया प्रोटोकॉल आनुवंशिक संसाधनों पर लागू होता है जो सीबीडी द्वारा कवर किये जाते हैं, और उनके उपयोग से होने वाले लाभों के लिए। प्रोटोकॉल में आनुवंशिक संसाधनों से जुड़े पारंपरिक ज्ञान को भी शामिल किया गया है जो सीबीडी द्वारा कवर किये गए हैं और इसके उपयोग से होने वाले लाभ हैं।
- वर्ष 2010 में नागोया में पार्टियों के सीबीडी के 10 वें सम्मेलन ने आनुवंशिक संसाधनों तक पहुँच और लाभ-साझाकरण पर एक अंतर्राष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रोटोकॉल अपनाया। अत: विकल्प A सही है।

15. उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में भारत और वियतनाम ने डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में सहयोग करने हेतु एक 'आशय पत्र' (LOI) पर हस्ताक्षर किये हैं, जिससे दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मज़बूत करने का मार्ग प्रशस्त होगा।
- एकाधिक मंचों पर सहयोग:
    - वर्ष 2021 में भारत और वियतनाम दोनों संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थाई सदस्यों के रूप में एक साथ कार्य कर रहे हैं। अत: कथन 1 सही है।
    - भारत और वियतनाम दोनों ही पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, मेकांग गंगा सहयोग, एशिया यूरोप बैठक (ASEM) जैसे विभिन्न क्षेत्रीय मंचों में घनिष्ठ सहयोग करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
        - मेकांग-गंगा सहयोग (MGC) पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा, परिवहन और संचार में सहयोग के लिये छह देशों- भारत और पाँच आसियान देशों अर्थात् कंबोडिया, लाओ, म्याँमार, थाईलैंड और वियतनाम द्वारा शुरू की गई एक पहल है।

16. उत्तर: B

व्याख्या:

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया है, इसे "नगदग पेल जी खोरलो" के नाम से भी जाना जाता है।

- पुरस्कार की घोषणा भूटान के 114वें राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर की गई।

- यह भूटान का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है तथा भूटान साम्राज्य और वहाँ के आम लोगों की सेवा करने हेतु सम्मानित किया जाता है।
    - 'द ऑर्डर ऑफ द ड्रैगन किंग' (ड्रुक ग्यालपो) की स्थापना 7 नवंबर, 2008 को उन लोगों को पुरस्कृत करने के लिये की गई थी, जिन्होंने देश और भूटान के लोगों की जीवन भर सेवा की।
    - यह सम्मान दो श्रेणियों में दिया जाता है और यह ऑर्डर ऑफ द ड्रैगन किंग भूटान का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। अत: विकल्प B सही है।

17. उत्तर: A

व्याख्या

- अग्नि श्रेणी की मिसाइलें भारत की परमाणु प्रक्षेपण क्षमता का मुख्य आधार हैं, इनमें पृथ्वी- कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल, पनडुब्बी से लॉन्च की गई बैलिस्टिक मिसाइल और लड़ाकू विमान भी शामिल हैं।
    - भारत की परमाणु मिसाइलें- 'पृथ्वी' और 'अग्नि' हैं, लेकिन उनसे परे सामरिक परमाणु हथियारों को भारतीय वायु सेना के कुछ लड़ाकू जेट विमानों से या सेना की बंदूकों से दागा जा सकता है, जिनकी सीमा कम होती है, लगभग 50 किलोमीटर।
- 'ब्रह्मोस' (ध्वनि की गति से 2.5-3 गुना तेज़) के विकसित होने पर यह दुनिया के सबसे तेज़ मिसाइलों में से एक था। हालाँकि भारत 'ब्रह्मोस' को परमाणु मिसाइल नहीं मानता है।
    - यह भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और रूस के NPOM का एक संयुक्त उद्यम है।
- 'रुद्रम-1' हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसे DRDO द्वारा डिज़ाइन और विकसित किया गया है। यह देश की पहली स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइल है। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

18. उत्तर: C

व्याख्या:

- यह सदस्य देशों के बीच परिवहन सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईरान, रूस और भारत द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग में 12 सितंबर, 2000 को स्थापित एक बहु-मॉडल परिवहन परियोजना है। अत: कथन 2 सही है।
    - INSTC में ग्यारह नए सदस्यों को शामिल करने के लिये इसका विस्तार किया गया। ये हैं- अज़रबैजान गणराज्य, आर्मेनिया गणराज्य, कज़ाखस्तान गणराज्य, किर्गिज़ गणराज्य, ताजिकिस्तान गणराज्य, तुर्की गणराज्य, यूक्रेन गणराज्य, बेलारूस गणराज्य, ओमान, सीरिया और बुल्गारिया (पर्यवेक्षक)।
- यह माल परिवहन के लिये जहाज़, रेल और सड़क मार्ग के 7,200 किलोमीटर लंबे मल्टी-मोड नेटवर्क को लागू करता है, जिसका उद्देश्य भारत और रूस के बीच परिवहन लागत को लगभग 30% कम करना तथा पारगमन समय को 40 दिनों के आधे से अधिक कम करना है।
- यह कॉरिडोर इस्लामिक गणराज्य ईरान के माध्यम से हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को कैस्पियन सागर से जोड़ता है तथा रूसी संघ के माध्यम से सेंट पीटर्सबर्ग एवं उत्तरी यूरोप से जुड़ा हुआ है। अत: कथन 1 सही है।

19. उत्तर: C

व्याख्या

- खान एवं खनिज विकास नियमन (संशोधन) अधिनियम, 2015 के अनुसार, खनन से संबंधित कार्यों से प्रभावित प्रत्येक ज़िले में राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा एक गैर-लाभकारी निकाय के रूप में एक ट्रस्ट की स्थापना करेगी, जिसे 'ज़िला खनिज फाउंडेशन' कहा जाएगा। अत: कथन 1 सही है।
- खनन कंपनियाँ उस ज़िले में जहाँ वे काम कर रही हैं 'ज़िला खनिज फाउंडेशन' ट्रस्ट को सरकार को भुगतान की जाने वाली रॉयल्टी राशि का 10-30% योगदान देती हैं।
- खान मंत्रालय (MoM) के आँकड़ों के अनुसार, अब तक देश के 572 ज़िलों में 'ज़िला खनिज फाउंडेशन' की स्थापना की गई है, जिसका संचयी उपार्जन 40,000 करोड़ रुपए से अधिक है।
- ज़िला खनिज फाउंडेशन' ट्रस्टों के कामकाज और राज्यों के ज़िला खनिज फाउंडेशन' नियमों द्वारा शासित फंड के उपयोग में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (PMKKKY) शामिल है जो निवेश के उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को निर्दिष्ट करती है। अत: कथन 2 सही है।

20. उत्तर: C

व्याख्या:

- पन्ना टाइगर रिज़र्व की स्थापना 1981 में हुई थी और यह मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग में विंध्य पर्वत श्रृंखला में स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
    - केन नदी (यमुना नदी की एक सहायक नदी) इस रिज़र्व से होकर बहती है।
    - यह क्षेत्र हीरा खनन के लिये भी प्रसिद्ध है। अत: कथन 2 सही है।
- केन-बेतवा नदी को जोड़ने की परियोजना टाइगर रिज़र्व के भीतर स्थित होगी।

21. उत्तर: A

व्याख्या:

- दिसंबर 1973 में जेद्दा में आयोजित मुस्लिम देशों के वित्त मंत्रियों के सम्मेलन में की गई घोषणा के अनुसरण में इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक की स्थापना एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान के रूप में की गई तथा बैंक द्वारा अक्तूबर 1975 से औपचारिक रूप से कार्य शुरू किया गया।
    - बैंक का उद्देश्य सदस्य देशों और मुस्लिम समुदायों के आर्थिक विकास एवं सामाजिक प्रगति को व्यक्तिगत रूप से तथा साथ ही संयुक्त रूप से शरीयत के सिद्धांतों अर्थात् इस्लामिक कानून के अनुसार बढ़ावा देना है। अत: कथन 1 सही है।
    - बैंक का प्रधान कार्यालय सऊदी अरब के जेद्दा में अवस्थित है।
- वर्तमान में 56 देश इस बैंक के सदस्य हैं।

नोट :

- सदस्यता के लिये मूल शर्त यह है कि संभावित सदस्य देश को OIC का सदस्य होना चाहिये, बैंक की पूंजी में योगदान करना चाहिये और उन नियमों एवं शर्तों को स्वीकार करने के लिये तैयार होना चाहिये जिनका निर्धारण OIC बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा निर्धारित किया गया हो। अत: कथन 2 सही नहीं है।

22. उत्तर: D

व्याख्या

व्यास नदी:

- यह रोहतांग दर्रे के पास, समुद्र तल से 4,062 मीटर की ऊँचाई पर, पीर पंजाल रेंज के दक्षिणी छोर पर रावी के स्रोत के करीब से निकलती है। यह सिंधु नदी की एक सहायक नदी है। अत: कथन 1 सही है।
- यह पंजाब के हरिके में सतलुज नदी से मिलती है। यह तुलनात्मक रूप से एक छोटी नदी है जो केवल 460 किमी. लंबी है लेकिन पूरी तरह से भारतीय क्षेत्र में स्थित है। अत: कथन 2 और कथन 3 सही हैं।
- यह धौलाधार रेंज में 'काटी और लार्गी' में एक गॉर्ज का निर्माण करती है।
- ब्यास नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ बैन, बाणगंगा, लूनी और उहल के साथ-साथ बैनर, चक्की, गज, हरला, ममुनि, पार्वती, पाटलीकुहल, सैंज, सुकेती और तीर्थन हैं।

23. उत्तर: C

व्याख्या:

- इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) दुनिया भर में मुस्लिम जगत की सामूहिकता का प्रतिनिधित्व करता है। कुल 57 देशों की सदस्यता के साथ यह संयुक्त राष्ट्र (UN) के बाद दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है।
- इसका गठन सितंबर 1969 में मोरक्को के रबात में हुए ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मुख्यालय: जेद्दाह (सऊदी अरब)। अत: कथन 2 सही है।
- भारत OIC का सदस्य नहीं है। हालाँकि वर्ष 2019 में विदेश मंत्री परिषद के 46वें सत्र में भारत को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

24. उत्तर: C

व्याख्या:

नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज

- NCDEX एक ऑनलाइन कमोडिटी एक्सचेंज है जो मुख्य रूप से कृषि संबंधी उत्पादों में व्यवहार करता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी (Public Limited Company) है, जिसे कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत 23 अप्रैल, 2003 को स्थापित किया गया था।
- इस एक्सचेंज की स्थापना भारत के कुछ प्रमुख वित्तीय संस्थानों जैसे- ICICI बैंक लिमिटेड, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज तथा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक आदि द्वारा की गई थी। अत: कथन 2 सही है।
- NCDEX का मुख्यालय मुंबई में स्थित है, लेकिन व्यापार की सुविधा के लिये देश के कई अन्य हिस्सों में भी इसके कार्यालय हैं।

25. उत्तर: D

व्याख्या:

- कच्चातीवु द्वीप, पाक जलडमरूमध्य में एक निर्जन अपतटीय द्वीप है, जो मूल रूप से रामनाद (वर्तमान रामनाथपुरम, तमिलनाडु) के एक राजा के स्वामित्व में है।
- इस द्वीप का उपयोग मछुआरे अपने जाल सुखाने के लिये करते हैं।
- ब्रिटिश शासन के दौरान इसे भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से प्रशासित किया गया था।
- 20वीं शताब्दी की शुरुआत में श्रीलंका ने टापू पर क्षेत्रीय स्वामित्व का दावा किया, इसलिये वर्ष 1974 में भारत ने एक संयुक्त समझौते के माध्यम से इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया।

नोट :

- दो वर्ष बाद एक और समझौते के माध्यम से भारत ने इस क्षेत्र में अपने मछली पकड़ने के अधिकारों को भी छोड़ दिया। अत: विकल्प D सही है।

26. उत्तर: C

व्याख्या

- 'सहकारी समितियाँ' भारत के संविधान में राज्य सूची की 7वीं अनुसूची (प्रविष्टि 32) में राज्य का विषय है। अत: कथन 1 सही है।
- कई सहकारी समितियाँ जैसे कि चीनी और दूध बैंक, दूध संघ आदि ऐसी हैं जिनके सदस्य तथा संचालन क्षेत्र एक से अधिक राज्यों में फैले हुए हैं।
- बहु राज्य सहकारी समितियाँ (एमएससीएस) अधिनियम, 2002 ऐसी सहकारी समितियों को नियंत्रित करता है।
- केंद्रीय रजिस्ट्रार का विशेष नियंत्रण राज्य के अधिकारियों के हस्तक्षेप के बिना इन समितियों के सुचारु संचालन की अनुमति देने के लिये होता था। अत: कथन 2 सही है।

27. उत्तर: A

व्याख्या:

- अरबिंदो घोष का जन्म 15 अगस्त, 1872 को कलकत्ता में हुआ था। वह एक योगी, द्रष्टा, दार्शनिक, कवि और भारतीय राष्ट्रवादी थे जिन्होंने आध्यात्मिक विकास के माध्यम से पृथ्वी पर दिव्य जीवन के दर्शन को प्रतिपादित किया।
- 5 दिसंबर, 1950 को पांडिचेरी में उनका निधन हो गया।
- वर्ष 1902 से 1910 तक उन्होंने भारत को अंग्रेज़ों से मुक्त कराने हेतु संघर्ष में भाग लिया। उनकी राजनीतिक गतिविधियों के परिणामस्वरूप उन्हें वर्ष 1908 (अलीपुर बम कांड) में कैद कर लिया गया था। अत: विकल्प A सही है।
- दो साल बाद वह ब्रिटिश भारत से भाग गए और पांडिचेरी (पुदुचेरी) के फ्राँसीसी उपनिवेश में शरण ली, जहाँ उन्होंने अपने पूरे जीवन को एक पूर्ण और आध्यात्मिक रूप से परिवर्तित जीवन के उद्देश्य से अपने "अभिन्न" योग के विकास के हेतु समर्पित कर दिया।

28. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया है, इसे "नगदग पेल जी खोरलो" के नाम से भी जाना जाता है।
- प्रधानमंत्री द्वारा प्राप्त किये गए अन्य पुरस्कार हैं:
  - अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद ऑर्डर (2016): यह सऊदी अरब का सर्वोच्च सम्मान है जो गैर-मुस्लिम गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाता है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
  - गाज़ी अमीर अमानुल्लाह खान स्टेट ऑर्डर (2016): अफगानिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।
  - फिलिस्तीन राज्य का ग्रैंड कॉलर पुरस्कार (2018): विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाने वाला फिलिस्तीन का सर्वोच्च सम्मान है।
  - ऑर्डर ऑफ़ ज़ायद अवार्ड (2019): संयुक्त अरब अमीरात का सर्वोच्च नागरिक सम्मान। अत: युग्म 2 सुमेलित नहीं है।
  - ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू अवार्ड (2019): रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। अत: युग्म 4 सुमेलित नहीं है।
  - ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन (2019) मालदीव का सर्वोच्च सम्मान है जो विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाता है।
  - पुनर्जागरण के राजा हमद आदेश- प्रथम श्रेणी (2019): बहरीन का सर्वोच्च सम्मान।

29. उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत में विदेशी वित्तपोषण को विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA), 2010 के तहत विनियमित किया जाता है और गृह मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। अत: कथन 1 सही है और कथन 2 सही नहीं है।

नोट :

- किसी व्यक्ति विशिष्ट या गैर-सरकारी संगठन को गृह मंत्रालय की अनुमति के बिना विदेशी योगदान स्वीकार करने की अनुमति होती है।
  - हालाँकि इस तरह के विदेशी योगदान की स्वीकृति हेतु मौद्रिक सीमा 25,000 रुपए से कम होनी चाहिये। अत: कथन 3 सही नहीं है।

30. उत्तर: B

व्याख्या:

- कुल 57 देशों की सदस्यता के साथ यह संयुक्त राष्ट्र (UN) के बाद दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है।
  - यह संगठन दुनिया भर में मुस्लिम जगत की सामूहिकता का प्रतिनिधित्व करता है। यह दुनिया के विभिन्न देशों के लोगों के बीच अंतर्राष्ट्रीय शांति और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने के साथ ही दुनिया के मुस्लिम समुदायों के हितों की रक्षा एवं संरक्षण का प्रयास करता है।
- इसका गठन सितंबर 1969 में मोरक्को के रबात में हुए ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान किया गया था।
- मुख्यालय: जेद्दाह (सऊदी अरब) अत: विकल्प B सही है।

31. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा तोलकाप्पियम (Tolkāppiyam) के हिंदी अनुवाद और शास्त्रीय तमिल साहित्य की 9 पुस्तकों के कन्नड़ अनुवाद का विमोचन किया गया।
- तमिल साहित्य संगम युग से जुड़ा हुआ है, जिसका नाम कवियों की सभा (संगम) के नाम पर रखा गया है।
- संगम काल लगभग तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व के मध्य की अवधि है। दक्षिण भारत (कृष्णा एवं तुंगभद्रा नदी के दक्षिण में स्थित क्षेत्र) में लगभग तीन सौ ईसा पूर्व से तीन सौ ईस्वी के बीच की अवधि को संगम काल के नाम से जाना जाता है।
  - इसका नाम उस अवधि के दौरान आयोजित संगम अकादमियों/सभाओं के नाम पर रखा गया है जो मदुरै के पांड्य राजाओं के शाही संरक्षण में फली-फूली। अत: कथन 1 सही है।
- संगम साहित्य में तोलकाप्पियम, एट्टुटोगई, पट्टुप्पट्टू, पथिनेंकिलकनक्कु ग्रंथ और शिलप्पादिकारम् और मणिमेखलै नामक दो महाकाव्य शामिल हैं।
  - तोल्काप्पियम: यह तोलकाप्पियार द्वारा लिखा गया था और इसे तमिल साहित्यिक कृति में सबसे पुराना माना जाता है।
    - यह व्याकरण से संबंधित एक ग्रंथ है, साथ ही यह उस समय की राजनीतिक और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की जानकारी भी प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही है।
    - यह नौ खंडों के तीन भागों में व्याकरण और काव्य पर एक अनूठा काम है, जिनमें से प्रत्येक एज़ुट्टू (अक्षर), कोल (शब्द) और पोरुल (विषय वस्तु) से संबंधित है।
    - सामान्य बोलचाल से लेकर काव्यात्मकता तक मानव भाषा के लगभग सभी स्तर तोलकाप्पियार के विश्लेषण के दायरे में आते हैं, क्योंकि वे स्वर विज्ञान, आकृति विज्ञान, वाक्य रचना, बयानबाज़ी, छंद और काव्य पर उत्कृष्ट काव्यात्मक एवं एपिग्रामेटिक बयानों में व्यवहार करते हैं।

32. उत्तर: A

व्याख्या:

- चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) एक मल्टी-अरब डॉलर की पहल है। दुनिया में इसका उद्देश्य विश्व में बड़ी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को शुरू करना है जो बदले में चीन के वैश्विक प्रभाव को बढ़ाएगा।
  - इसका उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप को भूमि एवं समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें पाँच प्रकार की गतिविधियाँ शामिल हैं- नीति समन्वय, व्यापार संवर्द्धन, भौतिक संपर्क, रॅन्मिन्बी (चीन की मुद्रा) का अंतर्राष्ट्रीयकरण और पीपल-टू-पीपल संपर्क।

नोट :

- BRI के तहत मार्ग:
  - न्यू सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट: इसमें चीन के उत्तर में व्यापार और निवेश केंद्र शामिल हैं; जिसमें म्याँमार एवं भारत के माध्यम से यूरेशिया तक पहुँच बनाना है।
  - मैरीटाइम सिल्क रोड (MSR): यह दक्षिण चीन सागर से शुरू होकर भारत-चीन, दक्षिण-पूर्व एशिया की ओर जाती है और फिर हिंद महासागर के आसपास अफ्रीका एवं यूरोप तक पहुँचती है। अत: कथन 2 सही है।
- बीआरआई के प्रतिपक्ष में पहल:
  - B3W पहल: G7 देशों ने चीन के BRI का मुकाबला करने के लिये 47वें G7 शिखर सम्मेलन में 'बिल्ड बैक बेटर वर्ल्ड (B3W) पहल' का प्रस्ताव रखा।
- इसका उद्देश्य विकासशील और कम आय वाले देशों में बुनियादी ढाँचे के निवेश घाटे को दूर करना है।
  - ब्लू डॉट नेटवर्क (BDN): यह अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया द्वारा गठित एक बहु-हितधारक पहल है, जो वैश्विक बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये उच्च गुणवत्ता, विश्वसनीय मानकों को बढ़ावा देने तथा सरकारों, निजी क्षेत्र एवं नागरिक समाज को एक साथ लाने के लिये बनाई गई है।
    - BDN को औपचारिक रूप से नवंबर 2019 में बैंकॉक, थाईलैंड में इंडो-पैसिफिक बिज़नेस फोरम में घोषित किया गया था। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - ग्लोबल गेटवे: बीआरआई के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने के लिये यूरोपीय संघ ने हाल ही में ग्लोबल गेटवे नामक एक नई बुनियादी ढाँचा विकास योजना शुरू की।

33. उत्तर: C

व्याख्या

## बैलिस्टिक मिसाइल बनाम क्रूज़ मिसाइल

| बैलिस्टिक मिसाइल | क्रूज़ मिसाइल |
|---|---|
| इसमें प्रक्षेप्य गति और प्रक्षेपवक्र में यात्रा गुरुत्वाकर्षण, वायु प्रतिरोध तथा कोरिओलिस बल पर निर्भर करती है। | यह तुलनात्मक रूप से गति के लिये सीधे प्रक्षेपवक्र का अनुसरण करती है। |
| पृथ्वी के वायुमंडल से बाहर जाती है और पुन: उसमें प्रवेश करती है। अत: कथन 2 सही नहीं है। | इसका उड़ान पथ पृथ्वी के वायुमंडल के भीतर ही होता है। |
| लंबी दूरी की मिसाइलें (300 किमी. से 12,000 किमी. तक) अत: कथन 1 सही है। | कम दूरी की मिसाइलें (1000 किमी. तक की रेंज) |
| उदाहरण: पृथ्वी-I, पृथ्वी-II, अग्नि-I, अग्नि-II और धनुष मिसाइलें। अत: कथन 3 सही है। | उदाहरण: ब्रह्मोस मिसाइल |

34. उत्तर: C

व्याख्या

- संगम साहित्य में तोलकाप्पियम, एट्टुटोगई, पट्टुप्पट्टू, पथिनेंकिलकनक्कु ग्रंथ और शिलप्पादिकारम् और मणिमेखलै नामक दो महाकाव्य शामिल हैं।
    - पाथिनेंकिलकणक्कु (Pathinenkilkanakku): इसमें नैतिकता और नैतिकता संबंधी अठारह कार्य शामिल हैं।
  - इन कार्यों में सबसे महत्त्वपूर्ण महान तमिल कवि और दार्शनिक तिरुवल्लुवर द्वारा लिखित तिरुक्कुरल है। अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।
- तमिल महाकाव्य: शिलप्पादिकारम् 'इलांगोआदिगल' द्वारा और मणिमेखलै 'सीतलैसत्तनार' द्वारा लिखे गए महाकाव्य हैं।
- वे संगम समाज और राज्य व्यवस्था के बारे में बहुमूल्य विवरण भी प्रदान करते हैं। अत: युग्म 2 और 3 सुमेलित हैं।

35. उत्तर: C

व्याख्या:

- 'प्रलय' भारत की पहली पारंपरिक अर्द्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है और उत्तरी या पश्चिमी सीमाओं से किसी भी पारंपरिक मिसाइल हमले का जवाब देने में सक्षम है।
  - एक अर्द्ध-बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपवक्र कम होता है और यद्यपि यह काफी हद तक बैलिस्टिक मिसाइल के समान ही होती है, यह उड़ान के दौरान 'मनूवर' (Maneuver) में सक्षम होती है। अत: कथन 1 सही है।
- मिसाइल की रेंज 150-500 किलोमीटर है और इसे मोबाइल लॉन्चर से लॉन्च किया जा सकता है।
  - 'प्रलय' सेना की सूची में सतह-से-सतह पर मार करने वाली सबसे लंबी दूरी की मिसाइल होगी।
- यह एक ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटर और कई नई तकनीकों द्वारा संचालित है। अत: कथन 2 सही है।
- मिसाइल मार्गदर्शन प्रणाली में एक अत्याधुनिक नेविगेशन प्रणाली और एकीकृत एवियोनिक्स शामिल हैं।

36. उत्तर: B

व्याख्या

- ओलिव रिडले कछुए विश्व में पाए जाने वाले सभी समुद्री कछुओं में सबसे छोटे और सबसे अधिक हैं।
- ये मुख्य रूप से प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागरों के गर्म पानी में पाए जाते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- ये कछुए अपने अद्वितीय सामूहिक घोंसले (Mass Nesting) अरीबदा (Arribada) के लिये सबसे ज़्यादा जाने जाते हैं, अंडे देने के लिये हज़ारों मादाएँ एक ही समुद्र तट पर एक साथ यहाँ आती हैं।
  - ओडिशा के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य को विश्व में समुद्री कछुओं के सबसे बड़े प्रजनन स्थल के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- ऑपरेशन ओलिविया: प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले भारतीय तटरक्षक बल का "ऑपरेशन ओलिविया" 1980 के दशक की शुरुआत में शुरू हुआ था, यह ओलिव रिडले कछुओं की रक्षा करने में मदद करता है क्योंकि वे नवंबर से दिसंबर तक प्रजनन और घोंसले बनाने के लिये ओडिशा तट पर एकत्र होते हैं। यह अवैध ट्रैपिंग गतिविधियों को भी रोकता है। अत: कथन 3 सही है।

37. उत्तर: D

व्याख्या:

- विश्वनाथन समिति, 2019:
  - इसने धर्म, नस्ल, जाति या समुदाय, लिंग, लैंगिक पहचान, यौन, जन्म स्थान, निवास, भाषा, विकलांगता या जनजाति के आधार पर अपराध करने के लिये उकसाने हेतु आईपीसी में धारा 153 सी (बी) और धारा 505 ए का प्रस्ताव रखा।
  - इसने 5,000 रुपए के जुर्माने के साथ दो वर्ष तक की सज़ा का प्रस्ताव रखा। अत: विकल्प D सही है।

38. उत्तर: A

व्याख्या:

- यह एक तरह का म्यूचुअल फंड है। इसमें निवेश स्थायी रूप से सतत् निवेश (Sustainable Investing) या सामाजिक रूप से उत्तरदायी निवेश (Socially Responsible Investing) के साथ किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- आमतौर पर म्युचुअल फंड किसी कंपनी के अच्छे स्टॉक को दर्शाता है जिसमें आय, प्रबंधन गुणवत्ता, नकदी प्रवाह, व्यवसाय संचालन, प्रतिस्पर्द्धा आदि की क्षमता होती है।
- हालाँकि निवेश के लिये एक स्टॉक का चयन करते समय सबसे पहले 'ESG फंड शॉर्टलिस्ट कंपनियों' के पर्यावरण, सामाजिक ज़िम्मेदारी एवं कॉर्पोरेट प्रशासन पर उच्च स्कोर को देखा जाता है, इसके बाद वित्तीय कारकों पर गौर किया जाता है।
  - इसलिये 'ईएसजी फंड' एवं अन्य फंडों के बीच महत्त्वपूर्ण अंतर 'निवेशक के विवेक' पर आधारित होता है अर्थात् ईएसजी फंड पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं, नैतिक व्यापार प्रथाओं एवं एक कर्मचारी-अनुकूल रिकॉर्ड वाली कंपनियों पर केंद्रित होता है।
- फंड को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा नियंत्रित किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

नोट :

39. उत्तर: A

व्याख्या

- वर्ष 2017 का हादिया मामला
    - हादिया मामले में निर्णय देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि 'अपनी पसंद के कपड़े पहनने, भोजन करने, विचार या विचारधाराओं और प्रेम तथा जीवनसाथी के चुनाव का मामला किसी व्यक्ति की पहचान के केंद्रीय पहलुओं में से एक है।
    - ऐसे मामलों में न तो राज्य और न ही कानून किसी व्यक्ति को जीवन साथी के चुनाव के बारे में कोई आदेश दे सकते हैं या न ही वे ऐसे मामलों में निर्णय लेने के लिये किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित कर सकते हैं।
    - अपनी पसंद के साथी को चुनना या उसके साथ रहने का अधिकार नागरिक के जीवन और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। (अनुच्छेद-21) अत: विकल्प A सही है।

40. उत्तर: D

व्याख्या:

- अनिश्चितकाल के लिये स्थगन का अर्थ है अनिश्चितकाल के लिये संसद की बैठक को समाप्त करना, यानी सदन को फिर से शुरू करने हेतु कोई एक दिन निर्धारित किये बिना स्थगित कर दिया जाता है, तो इसे स्थगन कहा जाता है।
    - अनिश्चितकाल के लिये स्थगन की शक्ति सदन के पीठासीन अधिकारी के पास होती है।
    - अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सत्रावसान शब्द का अर्थ संविधान के अनुच्छेद 85(2)(ए) के तहत राष्ट्रपति द्वारा दिये गए आदेश द्वारा सदन के एक सत्र की समाप्ति से है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - सत्रावसान सदन की बैठक और सत्र दोनों को समाप्त करना है और आमतौर पर यह पीठासीन अधिकारी द्वारा सदन को अनिश्चितकाल के लिये स्थगित करने के कुछ दिनों के भीतर किया जाता है।

41. उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत में बंदरगाहों को भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 के तहत परिभाषित केंद्र और राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र के तहत प्रमुख और छोटे बंदरगाहों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
    - प्रमुख बंदरगाहों का स्वामित्व और प्रबंधन केंद्र सरकार के पास है। अत: कथन 1 सही है।
    - छोटे बंदरगाहों का स्वामित्व और प्रबंधन राज्य सरकारों के पास होता है।
- कानूनी प्रावधान: भारत के प्रमुख बंदरगाह भारतीय संविधान की संघ सूची के अंतर्गत आते हैं और भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 व प्रमुख बंदरगाह ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के तहत प्रशासित हैं।
    - संसद द्वारा घोषित प्रमुख बंदरगाहों के अलावा अन्य बंदरगाह, भारतीय संविधान की समवर्ती सूची के विषय हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- प्रमुख बंदरगाहों की संख्या: देश में 12 प्रमुख बंदरगाह और 200 गैर-प्रमुख बंदरगाह (छोटे बंदरगाह) हैं।
    - प्रमुख बंदरगाहों में दीनदयाल (पूर्ववर्ती कांडला), मुंबई, जेएनपीटी, मरमुगाओ, न्यू मैंगलोर, कोचीन, चेन्नई, कामराजार (पहले एन्नोर), वीओ चिदंबरनार, विशाखापत्तनम, पारादीप और कोलकाता (हल्दिया सहित) शामिल हैं।

42. उत्तर: D

व्याख्या:

- पंडित मदन मोहन मालवीय महान शिक्षाविद्, बेहतरीन वक्ता और एक प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता थे।
    - गोपाल कृष्ण गोखले और बाल गंगाधर तिलक दोनों का ही अनुयायी होने के कारण उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में क्रमश: उदारवादी और राष्ट्रवादी तथा नरमपंथी एवं गरमपंथी दोनों के बीच की विचारधारा का नेता माना जाता था।

- योगदान:
  - मालवीय जी को 'गिरमिटिया मज़दूरी' प्रथा को समाप्त करने में उनकी भूमिका के लिये याद किया जाता है।
    - 'गिरमिटिया मज़दूरी' प्रथा बंधुआ मज़दूरी प्रथा का ही एक रूप है, जिसे वर्ष 1833 में दास प्रथा के उन्मूलन के बाद स्थापित किया गया था।
    - 'गिरमिटिया मज़दूरों' को वेस्टइंडीज़, अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया में ब्रिटिश कालोनियों में चीनी, कपास तथा चाय बागानों एवं रेल निर्माण परियोजनाओं में कार्य करने के लिये भर्ती किया जाता था।
  - हरिद्वार के भीमगोड़ा में गंगा के प्रवाह को प्रभावित करने वाली ब्रिटिश सरकार की नीतियों से आशंकित मालवीय जी ने वर्ष 1905 में गंगा महासभा की स्थापना की थी।
  - वे एक सफल समाज सुधारक और नीति निर्माता थे, जिन्होंने 11 वर्ष (1909-1920) तक 'इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल' के सदस्य के रूप में कार्य किया।
  - उन्होंने 'सत्यमेव जयते' शब्द को लोकप्रिय बनाया। हालाँकि यह वाक्यांश मूल रूप से 'मुण्डकोपनिषद' से है। अब यह शब्द भारत का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य है।
  - मालवीय जी के प्रयासों के कारण ही देवनागरी (हिंदी की लिपि) को ब्रिटिश-भारतीय अदालतों में पेश किया गया था।
  - उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता को बनाए रखने की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण कार्य किया। उन्हें सांप्रदायिक सद्भाव से संबंधित विषयों पर भाषण देने के लिये जाना जाता था।
    - जातिगत भेदभाव और ब्राह्मणवादी पितृसत्ता पर अपने विचार व्यक्त करने के लिये उन्हें ब्राह्मण समुदाय से बाहर कर दिया गया था।
  - उन्होंने वर्ष 1915 में हिंदू महासभा की स्थापना में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।
  - मालवीय जी ने वर्ष 1916 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) की स्थापना की थी। अत: विकल्प D सही है।

43. उत्तर: B

व्याख्या:

डंपिंग का अभिप्राय किसी देश के निर्माता द्वारा उत्पाद को या तो इसकी घरेलू कीमत से नीचे या उत्पादन लागत से कम कीमत पर किसी दूसरे देश में निर्यात करने से है।

  - यह एक अनुचित व्यापार प्रथा है जिसका अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर विकृत प्रभाव पड़ सकता है।

- डंपिंग-रोधी शुल्क का अधिरोपण वस्तुओं की डंपिंग और उसके व्यापार विकृत प्रभाव से उत्पन्न स्थिति को सुधारने का एक उपाय है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- काउंटरवेलिंग ड्यूटी से भिन्न:
  - ADD आयात पर एक सीमा शुल्क है जो सामान्य मूल्य से काफी कम कीमतों पर माल की डंपिंग से सुरक्षा प्रदान करता है, जबकि काउंटरवेलिंग ड्यूटी उन सामानों पर सीमा शुल्क है जिन्हें मूल या निर्यात करने वाले देश में सरकारी सब्सिडी प्राप्त हुई है।
- लंबी अवधि में एंटी-डंपिंग ड्यूटी समान वस्तुओं का उत्पादन करने वाली घरेलू कंपनियों की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा को कम कर सकती है
  - यह एक संरक्षणवादी टैरिफ है जो किसी देश की सरकार द्वारा विदेशी आयातों पर इस विश्वास के साथ लगाया जाता है कि इसकी कीमत उचित बाज़ार मूल्य से कम है।
  - विश्व व्यापार संगठन द्वारा उचित प्रतिस्पर्द्धा के साधन के रूप में डंपिंग-रोधी उपायों को अपनाने की अनुमति दी गई है। अत: कथन 2 सही है।

44. उत्तर: D

व्याख्या:

- जननी सुरक्षा योजना: जननी सुरक्षा योजना एक 100% केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे गर्भवती महिलाओं के बीच संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। अत: कथन 1 सही है।

- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA): एनीमिया के मामलों का पता लगाने और उनका इलाज करने के लिये चिकित्सा अधिकारियों की मदद से हर महीने की 9 तारीख को विशेष प्रसवपूर्व जाँच (एएनसी) पर ध्यान केंद्रित करने हेतु इसे शुरू किया गया है।
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY): यह एक मातृत्व लाभ कार्यक्रम है जिसे 1 जनवरी, 2017 से देश के सभी ज़िलों में लागू किया गया है।
- लक्ष्य कार्यक्रम: लक्ष्य (लेबर रूम क्वालिटी इम्प्रूवमेंट इनिशिएटिव) का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में लेबर रूम और मैटरनिटी ऑपरेशन थिएटर में देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करना है। अत: कथन 2 सही है।
- पोषण अभियान: पोषण अभियान का लक्ष्य बच्चों (0-6 वर्ष) और गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में समयबद्ध तरीके से सुधार करना है। अत: कथन 3 सही है।

45. उत्तर: A

व्याख्या:

- चौधरी चरण सिंह:
  - भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती (23 दिसंबर) देश भर में 'किसान दिवस' या राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाई जाती है।
  - पूरे देश में किसानों के उत्थान और कृषि के विकास की दिशा में उनके काम के लिये उन्हें 'चैंपियन ऑफ इंडियाज़ पीजेंट्स' उपनाम दिया गया था।
  - उन्होंने साहूकारों से किसानों को राहत देने के लिये ऋण मोचन विधेयक 1939 के निर्माण और उसे अंतिम रूप देने में अग्रणी भूमिका निभाई।
    - उन्होंने भूमि जोत अधिनियम, 1960 को लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका उद्देश्य पूरे राज्य में भूमि जोत की सीमा को कम करना था ताकि इसे एक समान बनाया जा सके।
  - वह 'ज़मींदारी का उन्मूलन', 'को-ऑपरेटिव फार्मिंग एक्सरेड', 'भारत की गरीबी और उसका समाधान', 'किसान स्वामित्व या श्रमिकों के लिये भूमि' तथा 'श्रमिकों के विभाजन की रोकथाम' सहित 'प्रीवेंशन ऑफ डिवीज़न ऑफ होल्डिंग्स ब्लो अ सर्टेन मिनिमम' जैसी कई पुस्तकों और पुस्तिकाओं के लेखक थे। अत: विकल्प A सही है।

46. उत्तर: C

व्याख्या:

भारत में राज्यों का पुनर्गठन:

- वर्ष 1950 में संविधान में भारतीय संघ के राज्यों का चार प्रकार का वर्गीकरण किया गया था- भाग A, भाग B, भाग C और भाग D राज्य।
  - उस समय राज्यों का समूहीकरण भाषायी या सांस्कृतिक विभाजन के बजाय राजनीतिक और ऐतिहासिक विचारों के आधार पर किया जाता था, लेकिन यह एक अस्थायी व्यवस्था थी।
- बहुभाषी प्रकृति और विभिन्न राज्यों के बीच मौजूद मतभेदों के कारण राज्यों को स्थायी आधार पर पुनर्गठित करने की आवश्यकता थी।
- इस संदर्भ में भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की आवश्यकता पर गौर करने के लिये सरकार द्वारा 1948 में एस.के. धर समिति का गठन किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- आयोग द्वारा भाषायी आधार पर नहीं बल्कि ऐतिहासिक और भौगोलिक आधार को शामिल करते हुए प्रशासनिक सुविधा के आधार पर राज्यों के पुनर्गठन को प्राथमिकता दी गई।
- इससे बहुत आक्रोश पैदा हुआ और एक अन्य भाषायी प्रांत समिति की नियुक्ति की गई।
- दिसंबर 1948 में इस मुद्दे का अध्ययन करने के लिये जवाहरलाल नेहरू, वल्लभ भाई पटेल और पट्टाभि सीतारमैया की जेवीपी समिति का गठन किया गया था।
- समिति ने अप्रैल 1949 में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के विचार को खारिज़ करते हुए कहा कि जनता की मांग के आलोक में इस मुद्दे को नए सिरे से देखा जा सकता है।

- हालाँकि अक्तूबर 1953 में विरोध के कारण भारत सरकार ने तेलुगू भाषी क्षेत्रों को मद्रास राज्य से अलग करके पहला भाषायी राज्य बनाया जिसे आंध्र प्रदेश के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है।

47. उत्तर: D

व्याख्या

- मई 2020 में शुरू किया गया 'मिशन सागर' हिंद महासागर के तटवर्ती राज्यों में देशों को कोविड-19 संबंधित सहायता प्रदान करने हेतु भारत की पहल थी। इसके तहत मालदीव, मॉरीशस, मेडागास्कर, कोमोरोस और सेशेल्स जैसे देश शामिल थे।
  - मिशन सागर 'के तहत भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) और उसके तटवर्ती देशों में चिकित्सा और मानवीय सहायता भेजने के लिये अपने जहाज़ों को तैनात कर रही है।
  - इस मिशन के तहत भारतीय नौसेना ने 15 मित्र देशों को 3,000 मीट्रिक टन से अधिक खाद्य सहायता, 300 मीट्रिक टन से अधिक तरल चिकित्सा ऑक्सीजन, 900 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और 20 आईएसओ कंटेनरों की सहायता प्रदान की है। अत: विकल्प D सही है।

48. उत्तर: D

व्याख्या:

भारत-लंका समझौता:

- इस समझौते के सूत्रधार भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी और श्रीलंका के राष्ट्रपति जे.आर. जयवर्धने थे, यह समझौता मुख्य रूप से राजीव-जयवर्धने समझौते के रूप में जाना जाता है। वर्ष 1987 में इस समझोते पर हस्ताक्षर किये गए थे। अत: कथन 1 सही है।
- इस समझौते पर श्रीलंका में गृहयुद्ध (तमिलों और सिंहल समुदाय के बीच) के बहाने हस्ताक्षर किये गए थे। अत: कथन 2 सही है।
  - समझौते में भारत के सामरिक हितों, श्रीलंका में भारतीय मूल के लोगों के हितों और श्रीलंका में तमिल अल्पसंख्यकों के अधिकारों को संतुलित करने की मांग की गई थी।.
- समझौते के तहत श्रीलंकाई गृहयुद्ध को हल करने हेतु श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा बल (Indian Peace Keeping Force-IPKF) की तैनाती की गई। अत: कथन 3 सही है।
- समझौते के परिणामस्वरूप श्रीलंका के संविधान में 13वें सविधान संशोधन और वर्ष 1987 के प्रांतीय परिषद अधिनियम को भी लागू किया गया।

49. उत्तर: A

व्याख्या

- क्योटो प्रोटोकॉल के तहत अनुकूलन कोष का उद्देश्य उन परियोजनाओं और कार्यक्रमों को वित्तपोषित करना है, जो विकासशील देशों में संवेदनशील समुदायों की मदद करते हैं और जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन के लिये क्योटो प्रोटोकॉल के पक्षकार हैं। अत: कथन 1 सही है।
- विश्व बैंक क्योटो प्रोटोकॉल के पक्षकारों के आमंत्रण द्वारा अनुकूलन कोष के अंतरिम ट्रस्टी के रूप में कार्य करता है।
  - फंड की ओर से विश्व बैंक दो मुख्य कार्य करता है: यह 'उत्सर्जन में कमी' संबंधी प्रमाण पत्र देता है, जो फंड का समर्थन करने में मदद करता है और अनुकूलन फंड के ट्रस्ट फंड का प्रबंधन करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

50. उत्तर: C

व्याख्या:

- नीति आयोग ने वर्ष 2019-20 के लिये राज्य स्वास्थ्य सूचकांक का चौथा संस्करण जारी किया है।
- सूचकांक को नीति आयोग द्वारा विश्व बैंक की तकनीकी सहायता और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) के निकट परामर्श से विकसित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- "स्वस्थ राज्य, प्रगतिशील भारत" शीर्षक वाली रिपोर्ट राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को स्वास्थ्य परिणामों में साल-दर-साल वृद्धिशील प्रदर्शन के साथ-साथ उनकी समग्र स्थिति पर केंद्रित है।

- राज्य स्वास्थ्य सूचकांक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिये एक वार्षिक उपकरण है, जिसे वर्ष 2017 में संकलित और प्रकाशित किया गया है।
- यह 'स्वास्थ्य परिणामों', 'शासन और सूचना' तथा 'प्रमुख इनपुट/प्रक्रियाओं' के डोमेन के तहत समूहीकृत 24 संकेतकों पर आधारित एक भारित समग्र सूचकांक है। अत: कथन 2 सही है।
    - स्वास्थ्य परिणाम:
        - इसमें नवजात मृत्यु दर, अंडर-5 मृत्यु दर, जन्म के समय लिंगानुपात जैसे पैरामीटर शामिल हैं।
    - शासन और सूचना:
        - इसमें स्वास्थ्य से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों की संस्थागत प्रसव और औसत ऑक्यूपेंसी जैसे पैरामीटर शामिल हैं।
    - मुख्य इनपुट/प्रक्रियाएँ:
        - इसमें स्वास्थ्य देखभाल में कमी का अनुपात, कार्यात्मक चिकित्सा सुविधाएँ, जन्म और मृत्यु पंजीकरण तथा तपेदिक उपचार आदि शामिल हैं।

51. उत्तर: D

व्याख्या

- सितंबर 2021 में अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका (AUKUS) के बीच इंडो-पैसिफिक के लिये एक नई त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी की घोषणा की थी। अत: कथन 1 सही है।
- हाल ही में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन ने संवेदनशील 'नौसेना परमाणु प्रणोदन सूचना' के आदान-प्रदान की अनुमति देने वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- बीते दिनों प्रशांत क्षेत्र, जहाँ चीन-अमेरिका प्रतिद्वंद्विता बढ़ रही है, में सामरिक तनाव का सामना करने हेतु तीनों देशों ने रक्षा गठबंधन, 'ऑकस' का गठन किया था, जिसके बाद सार्वजनिक रूप से हस्ताक्षरित होने वाली प्रौद्योगिकी पर यह पहला समझौता है।
- इसका इंडो-पैसिफिक उन्मुखीकरण इसे दक्षिण चीन सागर में चीन की मुखर कार्रवाइयों के खिलाफ एक प्रमुख गठबंधन बनाता है। अत: कथन 2 सही है।
- इस व्यवस्था का प्रमुख उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया हेतु अमेरिकी परमाणु पनडुब्बी प्रौद्योगिकी का साझाकरण सुनिश्चित करना है। अत: कथन 3 सही है।

52. उत्तर: D

व्याख्या:

- अपतानी बुनाई अरुणाचल प्रदेश की अपतानी जनजाति से संबंधित है जो लोअर सुबनसिरी ज़िले के मुख्यालय ज़ीरो वैली में निवास करती है। अत: कथन 1 सही है।
    - अपतानी समुदाय के लोग अनुष्ठानों और सांस्कृतिक उत्सवों सहित विभिन्न अवसरों के लिये स्वयं अपने वस्त्र बुनते हैं।
- इस जनजाति के लोगों द्वारा बुना गया कपड़ा इसके ज्यामितीय और ज़िगज़ैग पैटर्न तथा कोणीय डिज़ाइनों के लिये भी जाना जाता है। अत: कथन 3 सही है।
    - यह जनजाति मुख्य रूप से जिग ज़ीरो और जिलान या जैकेट के रूप में जानी जाने वाली शॉल बुनती है जिसे सुपुंतरी (supuntari) कहा जाता है।
- यहाँ के लोग अपने पारंपरिक तरीकों से सूती धागे को जैविक रूप में ढालने के लिये विभिन्न पत्तियों और पौधों जैसे संसाधनों का उपयोग करते हैं।
    - केवल महिलाएँ ही इस पारंपरिक बुनाई कार्य में लगी हुई हैं।
- इस जनजाति का पारंपरिक हथकरघा एक प्रकार का करघा है जिसे चिचिन कहा जाता है और यह निशि जनजाति के पारंपरिक हथकरघा के समान है। अत: कथन 2 सही है।
    - यह पोर्टेबल, स्थापित करने में आसान और एक ही बुनकर विशेष रूप से समुदाय की महिला सदस्यों द्वारा संचालित किया जाता है।

नोट :

53. उत्तर: C

व्याख्या:

- भौगोलिक संकेतक (Geographical Indication) का इस्तेमाल ऐसे उत्पादों के लिये किया जाता है, जिनका एक विशिष्ट भौगोलिक मूल क्षेत्र होता है। इन उत्पादों की विशिष्ट विशेषता एवं प्रतिष्ठा भी इसी मूल क्षेत्र के कारण होती है। किसी उत्पाद को दिया गया टैग जो जीआई के रूप में कार्य करता है उस उत्पाद के मूल स्थान की पहचान के रूप में कार्य करता है।
  - इसका उपयोग कृषि, प्राकृतिक और निर्मित वस्तुओं के लिये किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- एक बार जीआई सुरक्षा प्रदान कर दिये जाने के बाद कोई अन्य निर्माता समान उत्पादों के विपणन हेतु नाम का दुरुपयोग नहीं कर सकता है। यह ग्राहकों को उस उत्पाद की प्रामाणिकता के बारे में भी सुविधा प्रदान करता है।
  - किसी उत्पाद के लिये जीआई टैग होने से यह दूसरों द्वारा पंजीकृत भौगोलिक संकेत के अनधिकृत उपयोग को रोकता है, कानूनी सुरक्षा प्रदान करके भारतीय भौगोलिक संकेतों के निर्यात को बढ़ावा देता है और अन्य विश्व व्यापार संगठन के सदस्य देशों में कानूनी सुरक्षा प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीआई औद्योगिक संपत्ति के संरक्षण के लिये पेरिस कन्वेंशन के तहत बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के एक घटक के रूप में शामिल हैं।
  - वर्ष 1883 में अपनाया गया पेरिस कन्वेंशन व्यापक अर्थों में औद्योगिक संपत्ति पर लागू होता है, जिसमें पेटेंट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिज़ाइन, उपयोगिता मॉडल, सेवा चिह्न, व्यापार नाम, भौगोलिक संकेतक और अनुचित प्रतिस्पर्द्धा को समाप्त करना शामिल है।
  - जीआई विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के बौद्धिक संपदा अधिकारों (ट्रिप्स) के व्यापार से संबंधित पहलुओं पर समझौते द्वारा भी शासित है। अत: कथन 2 सही है।
  - भारत के लिये भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री चेन्नई में स्थित है।
  - भौगोलिक संकेतक का पंजीकरण 10 वर्षों की अवधि के लिये वैध होता है। इसे समय-समय पर 10-10 वर्षों की अतिरिक्त अवधि हेतु नवीनीकृत किया जा सकता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

54. उत्तर: C

व्याख्या

- फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल (FFV): इनमें ऐसे इंजन लगे होते हैं जो फ्लेक्सिबल फ्यूल (पेट्रोल और इथेनॉल का संयोजन, जिसमें 100% तक इथेनॉल शामिल हो सकता है) पर चलने में सक्षम होते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- फ्लेक्स फ्यूल स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (FFV-SHEV): जब FFV को मज़बूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक तकनीक के साथ एकीकृत किया जाता है, तो इसे FFV-SHEV कहा जाता है।
- पूर्ण हाइब्रिड व्हीकल्स/वाहनों (Full Hybrid Vehicles) के लिये स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड एक और शब्द है, जिसमें पूरी तरह से इलेक्ट्रिक या पेट्रोल मोड पर चलने की क्षमता होती है। अत: कथन 2 सही है।
  - इसके विपरीत माइल्ड हाइब्रिड (Mild Hybrids) विशुद्ध रूप से इनमें से किसी एक मोड पर नहीं चल सकते हैं और द्वितीयक मोड का उपयोग केवल प्रणोदन के मुख्य मोड के पूरक के रूप में करते हैं।

55. उत्तर: D

व्याख्या:

विभिन्न कॉलर वर्कर:

- ब्लू-कॉलर वर्कर: इसमें मज़दूर वर्ग शारीरिक श्रम के माध्यम से आय अर्जन करता है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- व्हाइट-कॉलर वर्कर: यह एक वेतनभोगी पेशेवर है, जो आमतौर पर कार्यालय के प्रबंधन का कार्य करता करता है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- गोल्ड-कॉलर वर्कर: इस प्रकार के वर्कर का उपयोग अत्यधिक कुशल ज्ञान वाले लोगों को संदर्भित करने हेतु किया जाता है जो कंपनी के लिये अत्यधिक मूल्यवान होते हैं। उदाहरण: वकील, डॉक्टर, शोध वैज्ञानिक आदि।

नोट :

- ग्रे-कॉलर वर्कर: यह व्हाइट या ब्लू-कॉलर के रूप में वर्गीकृत नहीं किये गए नियोजित लोगों को संदर्भित करता है।
  - हालाँकि ग्रे-कॉलर का प्रयोग उन लोगों का वर्णन करने के लिये भी किया जाता है जो सेवानिवृत्ति की आयु से परे काम करते हैं। उदाहरण: अग्निशामक, पुलिस अधिकारी, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर, सुरक्षा गार्ड आदि।
- ग्रीन-कॉलर वर्कर: ये ऐसे वर्कर हैं जो अर्थव्यवस्था के पर्यावरणीय क्षेत्रों में कार्यरत हैं।
  - उदाहरण: वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे- सौर पैनल, ग्रीनपीस, वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर आदि में काम करने वाले वर्कर।
- पिंक-कॉलर वर्कर: यह एक ऐसा रोज़गार है जिसे पारंपरिक रूप से महिलाओं का काम माना जाता है और अक्सर कम वेतन मिलता है।
- स्कारलेट-कॉलर वर्कर: यह एक ऐसा शब्द है जिसका इस्तेमाल अक्सर पोर्नोग्राफी उद्योग में काम करने वाले लोगों, विशेष रूप से इंटरनेट पोर्नोग्राफी के क्षेत्र में महिला उद्यमियों को संदर्भित करने के लिये किया जाता है।
- रेड-कॉलर वर्कर: सभी प्रकार के सरकारी कर्मचारी। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।
- ओपन-कॉलर वर्कर: यह एक ऐसा वर्कर है जो घर से खासकर इंटरनेट के ज़रिये काम करता है।

56. उत्तर: B

व्याख्या:

अधिमानी व्यापार समझौतों (PTA)

- PTA या वरीयता की सामान्यीकृत प्रणाली (GSP) विभिन्न देशों द्वारा व्यापार में दी गई एक विशेष स्थिति है। इस प्रकार के समझौते में दो या दो से अधिक भागीदार एक निश्चित संख्या में टैरिफ लाइनों पर ड्यूटी कम करके कुछ उत्पादों में प्रवेश का अधिमान्य अधिकार देते हैं।
- यहाँ तक कि PTA में भी कुछ उत्पादों के लिये शुल्क घटाकर शून्य किया जा सकता है। भारत ने अफगानिस्तान के साथ एक PTA हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है परन्तु कथन 2 सही है।

57. उत्तर: D

व्याख्या:

मिन्स्क समझौते:

- मिन्स्क I: यूक्रेन और रूसी समर्थित अलगाववादियों ने सितंबर 2014 में बेलारूस की राजधानी में 12-सूत्रीय संघर्ष विराम समझौते पर सहमति व्यक्त की।
  - इसके प्रावधानों में कैदियों का आदान-प्रदान, मानवीय सहायता की सुलभता और भारी हथियारों को कम करना शामिल था।
  - दोनों पक्षों द्वारा उल्लंघन किये जाने पर समझौता जल्दी टूट गया।
- मिन्स्क II: वर्ष 2015 में फ्राँस और जर्मनी की मध्यस्थता के तहत, 'मिन्स्क II' शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने के बाद एक खुला संघर्ष टल गया था।
  - इसे विद्रोही क्षेत्रों में लड़ाई को समाप्त करने और सीमा को यूक्रेन के राष्ट्रीय सैनिकों को सौंपने के लिये डिज़ाइन किया गया था।
  - इस पर रूस, यूक्रेन के प्रतिनिधियों, यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन (ओएससीई) और दो रूसी समर्थक अलगाववादी क्षेत्रों के नेताओं द्वारा हस्ताक्षर किये गए थे। अत: विकल्प D सही है।

58. उत्तर: A

व्याख्या:

इंडियन नेशनल आर्मी:

- INA का गठन पहली बार मोहन सिंह (Mohan Singh) और जापानी मेजर इविची फुजिवारा (Iwaichi Fujiwara) के नेतृत्त्व में किया गया था तथा इसमें मलायन (वर्तमान मलेशिया) अभियान में सिंगापुर में जापान द्वारा कब्जा किये गए ब्रिटिश-भारतीय सेना के युद्ध के भारतीय कैदियों को शामिल किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- INA में सिंगापुर के जेल में बंद भारतीय कैदी और दक्षिण-पूर्व एशिया के भारतीय नागरिक दोनों शामिल थे। इसकी सैन्य संख्या बढ़कर 50,000 हो गई। अत: कथन 2 सही नहीं है।

- INA ने वर्ष 1944 में इम्फाल और बर्मा में भारत की सीमा के भीतर संबद्ध सेनाओं का मुकाबला किया।
- हालाँकि रंगून के पतन के साथ ही आज़ाद हिंद सरकार एक प्रभावी राजनीतिक इकाई बन गई।
- नवंबर 1945 में ब्रिटिश सरकार द्वारा INA के लोगों पर मुकदमा चलाए जाने के तुरंत बाद पूरे देश में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए।

59. उत्तर: B

व्याख्या:

निष्क्रिय टीका:

- निष्क्रिय टीके रोगाणु के मृत संस्करण का उपयोग करते हैं जो एक बीमारी का कारण बनता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- बड़ी संख्या में सक्रिय रोगजनक उत्पन्न किये जाते हैं तत्पश्चात् उन्हें रसायनों अथवा ऊष्मा की सहायता से निष्क्रिय कर दिया जाता है। यद्यपि रोगजनक को निष्क्रिय कर दिया जाता है या इनकी प्रजनन क्षमता को समाप्त कर दिया जाता है, रोगजनक के विभिन्न हिस्से बरकरार रहते हैं जैसे-एंटीजन (रासायनिक संरचना) जिसकी पहचान प्रतिरक्षा तंत्र द्वारा की जाती है, को अछूता रखा जाता है।
- वे आमतौर पर प्रतिरक्षा (सुरक्षा) प्रदान नहीं करते हैं जो जीवित टीकों की तरह मज़बूत होती है। इसलिये आपको समय के साथ कई खुराक (बूस्टर शॉट्स) की आवश्यकता हो सकती है ताकि बीमारियों के खिलाफ निरंतर प्रतिरक्षा प्राप्त की जा सके।
- उनका उपयोग इन बीमारियों के बचाव के लिये किया जाता है: हेपेटाइटिस ए, फ्लू (केवल शॉट), पोलियो (केवल शॉट), रेबीज़। अत: कथन 2 सही है।

60. उत्तर: A

व्याख्या:

- कोणार्क सूर्य मंदिर:
  - कोणार्क सूर्य मंदिर पूर्वी ओडिशा के पवित्र शहर पुरी के पास स्थित है।
  - इसका निर्माण राजा नरसिंहदेव प्रथम द्वारा 13वीं शताब्दी ((1238-1264 ई) में किया गया था। यह गंग वंश के वैभव, स्थापत्य, मज़बूती और स्थिरता के साथ-साथ ऐतिहासिक परिवेश का प्रतिनिधित्व भी करता है।
  - मंदिर को एक विशाल रथ के आकार में बनाया गया है।
  - यह सूर्य भगवान को समर्पित है।
  - कोणार्क के मंदिर न केवल अपनी स्थापत्य की भव्यता के लिये बल्कि मूर्तिकला कार्य की गहनता और प्रवीणता के लिये भी जाना जाता है।
  - यह कलिंग वास्तुकला की उपलब्धि का सर्वोच्च बिंदु है जो अनुग्रह, खुशी और जीवन की लय को दर्शाता है।
  - इसे वर्ष 1984 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।
  - कोणार्क सूर्य मंदिर के दोनों ओर 12 पहियों की दो पंक्तियाँ हैं। कुछ लोगों का मत है कि 24 पहिये दिन के 24 घंटों के प्रतीक हैं, जबकि अन्य का कहना है कि 12-12 अश्वों की दो कतारें वर्ष के 12 माह की प्रतीक हैं।
  - सात घोड़ों को सप्ताह के सातों दिनों का प्रतीक माना जाता है।
  - समुद्री यात्रा करने वाले लोग एक समय में इसे 'ब्लैक पगोडा' कहते थे, क्योंकि ऐसा माना जाता था कि यह जहाज़ों को किनारे की ओर आकर्षित करता है और उनको नष्ट कर देता है।
  - कोणार्क 'सूर्य पंथ' के प्रसार के इतिहास की अमूल्य कड़ी है, जिसका उदय 8वीं शताब्दी के दौरान कश्मीर में हुआ, अंतत: पूर्वी भारत के तटों पर पहुँच गया। अत: विकल्प A सही है।

61. उत्तर: B

व्याख्या:

- पैंगोलिन टेढ़े-मेढ़े एंटीटर वाले स्तनधारी हैं और इनकी त्वचा को ढकने के लिये बड़े, सुरक्षात्मक केराटिन स्केल्स होते हैं।ये इस विशेषता वाले एकमात्र ज्ञात स्तनधारी हैं। अत: कथन 1 सही है।

- यह इन केराटिन स्केल्स को कवच के रूप में इस्तेमाल करता है ताकि शिकारियों के खिलाफ खुद को एक गेंद की तरह लुढ़क कर खतरों से बचा जा सके है।
- कीटभक्षी-पैंगोलिन रात्रिचर होते हैं और इनका आहार मुख्य रूप से चीटियाँ तथा दीमक होते हैं, जिन्हें वे अपनी लंबी जीभ का उपयोग कर पकड़ लेते हैं।

- पैंगोलिन की आठ प्रजातियों में से भारतीय पैंगोलिन (Manis crassicaudata) और चीनी पैंगोलिन (Manis pentadactyla) भारत में पाए जाते हैं।
  - भारतीय पैंगोलिन व्यापक रूप से शुष्क क्षेत्रों, उच्च हिमालय एवं पूर्वोत्तर को छोड़कर शेष भारत में पाया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - यह प्रजाति बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका में भी पाई जाती है।
- संरक्षण की स्थिति:
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 अनुसूची-I के तहत सूचीबद्ध।
  - IUCN रेड लिस्ट: संकटग्रस्त (Endangered) अत: कथन 3 सही है।
    - चीनी पैंगोलिन को गंभीर संकटग्रस्त (Critically Endangered) की श्रेणी में रखा गया है।
  - CITES: परिशिष्ट I अत: विकल्प B सही हैI

62. उत्तर: D

व्याख्या:

- क्वांटम प्रौद्योगिकी, क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों पर आधारित है जिसे 20वीं शताब्दी की शुरुआत में परमाणुओं और प्राथमिक कणों की प्रकृति का वर्णन करने के लिये विकसित किया गया था।
- अनुप्रयोग:
  - सुरक्षित संचार: चीन ने हाल ही में स्थलीय स्टेशनों और उपग्रहों के बीच सुरक्षित क्वांटम संचार लिंक का प्रदर्शन किया।
    - यह अन्य क्षेत्रों के साथ उपग्रहों, सैन्य और साइबर सुरक्षा के लिये महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह अपने उपयोगकर्त्ताओं को अकल्पनीय रूप से तीव्र कंप्यूटिंग और सुरक्षित एवं हैकरहित उपग्रह संचार की सुविधा प्रदान करता है।
  - अनुसंधान: यह गुरुत्वाकर्षण, ब्लैक होल आदि से संबंधित भौतिकी के कुछ मूलभूत प्रश्नों को हल करने में मदद कर सकता है।
    - इसी तरह, क्वांटम पहल जीनोम इंडिया परियोजना को बड़ा बढ़ावा दे सकती है।
  - आपदा प्रबंधन: क्वांटम अनुप्रयोगों से सुनामी, सूखा, भूकंप और बाढ़ का अधिक सटीकता से पूर्वानुमान लगाया जा सकता है।
    - क्वांटम प्रौद्योगिकी के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से संबंधित आँकड़ों के संग्रह को बेहतर तरीके से सुव्यवस्थित किया जा सकता है।
  - फार्मास्युटिकल: क्वांटम कंप्यूटिंग नए अणुओं और संबंधित प्रक्रियाओं की खोज की समय सीमा को 10 साल तक कम कर सकता है जिसका अनुमान वैज्ञानिकों द्वारा लगाया है।
  - औद्योगिक क्रांति 4.0 को बढ़ावा: क्वांटम कंप्यूटिंग औद्योगिक क्रांति 4.0 का एक अभिन्न अंग है।
    - इसमें सफलता अन्य औद्योगिक क्रांति 4.0 तकनीकों जैसे इंटरनेट-ऑफ-थिंग्स, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का लाभ उठाने के उद्देश्य से रणनीतिक पहल में मदद करेगी, जो आगे चलकर ज्ञान अर्थव्यवस्था की नींव रखने में मदद करेगी। अत: विकल्प D सही है।

63. उत्तर: C

व्याख्या:

- चिली को आधिकारिक तौर पर चिली गणराज्य के रूप में जाना जाता है। इसकी राजधानी सैंटियागो है।
- यह एक दक्षिण अमेरिकी देश है जो पूर्व में एंडीज़ और पश्चिम में प्रशांत महासागर के बीच भूमि की एक संकीर्ण के आकार में विस्तृत है।
- इसके उत्तर में पेरू, उत्तर पूर्व में बोलीविया, पूर्व में अर्जेंटीना और दक्षिण में ड्रेक पैसेज हैं।

नोट :

- अटाकामा रेगिस्तान दुनिया के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है और चिली के उत्तरी हिस्से को छूता है और सोडियम नाइट्रेट उर्वरक का स्रोत है।
  - ठंडी उत्तर-बहने वाली हम्बोल्ट महासागरीय धारा के निरंतर तापमान व्युत्क्रम के कारण इसकी शुष्कता का कारण है।
- चुक्वीकमाटा चिली का विश्व का सबसे बड़ा ताँबे का शहर है। अत: विकल्प C सही है।

64. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ ने संस्थानों की 'नवोन्मेष उपलब्धियों पर संस्थानों की अटल रैंकिंग' (ARIIA) 2021 जारी की।
- ARIIA का पहला संस्करण वर्ष 2019 में जारी हुआ था।
- यह छात्रों तथा संकायों के बीच "नवाचार और उद्यमिता विकास" से संबंधित संकेतकों पर भारत के सभी प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों को व्यवस्थित रूप से रैंक प्रदान करने के लिये शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की एक संयुक्त पहल है। अत: कथन 2 सही है।
  - ARIIA नवाचारों की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करता है और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन नवाचारों द्वारा उत्पन्न वास्तविक प्रभाव को मापने का प्रयास करता है।
- रैंकिंग तकनीकी और गैर-तकनीकी दो श्रेणियों के तहत बनाई गई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - तकनीकी श्रेणी में 5 उप-श्रेणियाँ शामिल हैं -
    - केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थान(CFTIs), केंद्रीय विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थान
    - राज्य विश्वविद्यालय और डीम्ड विश्वविद्यालय (सरकारी और सरकारी द्वारा सहायता प्राप्त)
    - सरकारी कॉलेज/संस्थान (सरकारी और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त)
    - विश्वविद्यालय और डीम्ड विश्वविद्यालय (स्व-वित्त / निजी)
    - निजी कॉलेज/संस्थान (स्व-वित्त/निजी)
  - गैर-तकनीकी श्रेणी में दो उप-श्रेणियाँ शामिल हैं-
    - केंद्रीय वित्त पोषित संस्थान (CFIs)/ केंद्रीय विश्वविद्यालय/ राष्ट्रीय महत्त्व के गैर-तकनीकी संस्थान।
    - सामान्य (गैर-तकनीकी)।

65. उत्तर: B

व्याख्या

- भारत में श्वेत क्रांति की अवधारणा 'डॉ. वर्गीज़ कुरियन' द्वारा प्रस्तुत की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- उनके अधीन गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) जैसे कई महत्त्वपूर्ण संस्थान स्थापित किये गए थे।
- ग्राम दुग्ध उत्पादकों की सहकारी समितियों को इस क्रांति की आधारशिला माना जाता हैं। 'ऑपरेशन फ्लड' के दौरान उनकी प्रमुख भूमिका को विकास के इंजन के रूप में देखा जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- नीति ने संयुक्त उद्यमों: विलय और अधिग्रहण के माध्यम से भारतीय डेयरी क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय डेयरी निगमों के प्रवेश का भी समर्थन किया है।